इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# ईडी की गिरफ्त में भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य, 5 दिन की रिमांड पर भेजा, बघेल बोले- न झुकेगा न डरेगा

रायपुर। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में हुए 3200 करोड़ के शराब घोटाले में शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम ने सुबह पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास में छापा मारा और कुछ घंटे के भीतर ईडी ने भूपेश के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर रायपुर की विशेष कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन यानि 23 जुलाई की सुबह 11 बजे तक ईडी को रिमांड पर सौंप दिया गया।

इस कार्रवाई के विरोध में आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भूपेश के निवास और ईडी दफ्तर के सामने पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई।



बर्थडे पर बढ़ी चैतन्य की मुश्किलें : शराब घोटाले मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

### भूपेश बोले- मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा

चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश करने की जानकारी मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, मोहम्मद अकबर समेत कई विधायक व कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद रहे। इसके पहले भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- ईडी आ गई। आज विधानसभा सत्र का अंतिम दिन है। अदानी के लिए तमनार में काटे जा रहे पेड़ों का मुद्दा आज उठाना था। भिलाई निवास में साहेब ने ईडी भेज दी है। विधानसभा जाते वक्त भूपेश बघेल ने कहा- पिछली बार मेरे जन्मदिन पर ईडी को भेजा गया था। इस बार मेरे बेटे के जन्मदिन पर मोदी-शाह ने अपने मालिक को खुश करने के लिए ईडी को भेजा है। भूपेश बघेल न झुकेगा और न ही डरेगा। आज विधानसभा में अडाणी का मुद्दा उठेगा, इसलिए ईडी को भेजा गया है। ईडी ने कोर्ट को बताया कि शराब घोटाला मामले में पूर्व में गिरफ्तार भिलाई के न्यू खुर्शीपार निवासी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

ईडी द्वारा चैतन्य की गिरफ्तारी को लेकर भिलाई और रायपुर में कांग्रेसियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कोर्ट की कार्यवाही के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल जिला कोर्ट रायपुर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वे बीजेपी सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ न डरेंगे ना झुकेंगे लड़ाई जारी रहेगी।



चैतन्य बघेल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी की ओर से 5 दिन की रिमांड मांगी गई थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। आज तक चैतन्य बघेल को एक भी समन जारी नहीं किया गया है। लक्ष्मी उर्फ पप्पू बंसल के बयान को आधार मानते हुए आज चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आज चैतन्य बघेल का आज जन्मदिन था और सुबह जब वह पूजा कर रहे थे इस दौरान पूजा स्थल में जूते पहने हुए जाकर ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार किया।

# टीएमसी के गुंडा टैक्स से बंगाल में निवेश रुका, दुर्गापुर रैली में पीएम मोदी ने ममता सरकार पर साधा निशाना



दुर्गापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में 5,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर भी बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल में कोई निवेशक नहीं आ रहे हैं। यहां का विकास रुक गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि टीएमसी के गुंडा टैक्स की वजह से राज्य में निवेशक आने से डरते हैं। इस तरह की भ्रष्ट और भय की राजनीति ने बंगाल की आर्थिक प्रगति को रोक दिया है और युवाओं को रोजगार से वंचित किया है।

पीएम ने इस रैली में दुर्गापुर के लिए कहा कि ये न केवल इस्पात नगरी है, बल्कि भारत की श्रमशक्ति का भी एक बड़ा केंद्र है। पीएम ने बताया कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और गैस आधारित परिवहन को भी मजबूती मिलेगी। जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि ये पहल भारत को विकसित बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। हमें बंगाल को इस बुरे दौर से बाहर निकालना है, और आज यहां जिन परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, वो इसी का प्रतीक हैं।

### विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दिए तीन मूलमंत्र

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया आज पूरा देश एक ही लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तीन मूल मंत्र भी दिए और कहा कि इसका रास्ता सिर्फ विकास से सशक्तिकरण, रोजगार से आत्मनिर्भरता और संवेदनशीलता से सुशासन है। इन तीन मूलमंत्रों पर काम करते हुए सरकार देश के प्रत्येक कोने तक विकास पहुंचा रही है। भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए बड़े सपने देखे हैं। हम एक समृद्ध पश्चिम बंगाल बनाना चाहते हैं। ये सारी परियोजनाएं, इस सपने को साकार करने का प्रयास हैं।

### दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों को नई तकनीक

पीएम मोदी ने बताया कि दुर्गापुर और रघुनाथपुर की फैक्ट्रियों में नई तकनीक के साथ काम हो रहा है। 1,500 करोड़ रुपये का निवेश इन इकाइयों को अपग्रेड करने में किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# संसद के आगामी सत्र के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति, राजनाथ के आवास पर शाह-नड्डा समेत नेताओं ने किया मंथन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा नेताओं ने एक रणनीतिक बैठक की। जिसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह, पीयूष गोयल, किरेन रिजिजू, मनोहर लाल, जेपी नड्डा, एल. मुरुगन, अर्जुन राम मेघवाल और सीआर पाटिल समेत कई नेता शामिल हुए। इस दौरान पार्टी नेतृत्व ने आगामी संसद सत्र से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और 21 अगस्त तक चलेगा। जबकि, स्वतंत्रता दिवस समारोह को ध्यान में रखते हुए 13 और 14 अगस्त को कोई बैठक नहीं होगी।



### कई मुद्दों पर सरकार ने बनाई रणनीति

रविवार को होने वाली पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के साथ, माना जा रहा है कि मंत्रिसमूह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर सहित कई मुद्दों पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे हंगामे के बीच, प्रासंगिक मुद्दों पर सरकार के रुख पर रणनीति बनाई। इस बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

### मानसून सत्र के हंगामेदार रहने के आसार

पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आयोजित होने वाले इस पहले सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। आगामी सत्र के दौरान सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मनी लॉन्ड्रिंग केसः राहुल गांधी ने तोड़ी चुप्पी; बोले-मेरे जीजाजी को सरकार 10 साल से परेशान कर रही

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा-बीते 10 साल से सरकार उनके जीजाजी रॉबर्ट वाड्रा को लगातार परेशान कर रही है। गुरुग्राम लैंड डील मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट भी इसी राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। राहुल ने आगे लिखा-मैं रॉबर्ट, प्रियंका और उनके बच्चों के साथ खड़ा हूं। उन्हें राजनीतिक मकसद से बदनाम किया जा रहा है। उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। मुझे पूरा यकीन है कि वे बहादुरी और गरिमा के साथ इस मुश्किल समय का सामना करेंगे। अंत में सच्चाई की ही जीत होगी।



गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को गुरुग्राम लैंड डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह पहला मौका है जब किसी जांच एजेंसी ने उनके खिलाफ किसी आपराधिक मामले में चार्जशीट (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता, एनकाउटंर में 6 माओवादी ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

नारायणपुर। नारायणपुर महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में छह नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है। नक्सलियों के शीर्ष कमांडर के ढेर होने की भी सूचना मिल रही है। अब तक मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव, एके-47/एसएलआर राइफलें, अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और रोजमर्रा की चीजें बरामद की गई हैं। अभियान अभी भी जारी है।



### छह माओवादियों के शव बरामद

अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीमों ने सर्चिंग अभियान शुरू किया था। इस अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर लगातार मुठभेड़ जारी है। अब तक की सर्चिंग कार्रवाई में मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क में हुई मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कन्ना मारा गया था। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई। मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली को ढेर किया गया। मारा गया नक्सली नक्सलियों की मिलिट्री कंपनी का स्नाइपर बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मारा गया नक्सली सोढ़ी कन्ना था, जो जगरगुंडा थाना (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मानसून सत्र से पहले झटकाः आप ने इंडिया गठबंधन से तोड़ा नाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की। कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था। कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन क्या उसने विपक्षी एकता सुनिश्चित करने में कोई भूमिका निभाई? सरकार का विरोध करने में आम आदमी पार्टी की भूमिका पर संजय सिंह ने कहा कि पार्टी (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# भारत माला प्रोजेक्ट घोटालाः चारों आरोपियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

बिलासपुर। भारत माला प्रोजेक्ट घोटाले के आरोपी हरमीत खनूजा, विजय जैन, उमा तिवारी और उनके पति केदार तिवारी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की एकल पीठ ने इन चारों की नियमित जमानत मंजूर कर दी। मामले में हरमीत, विजय, उमा और केदार की ओर से वकील मनोज परांजपे और सरफराज खान ने विस्तृत दलीलें पेश करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ जमानत न देने का कोई वैधानिक कारण नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने दलीलों और दस्तावेज़ों की सुनवाई के बाद यह स्पष्ट करते हुए नियमित जमानत दी, कि यह कोई अंतरिम राहत नहीं है बल्कि कानूनी अधिकार के तहत जमानत दी जा रही है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में मुआवजा वितरण में भ्रष्टाचार और नियम उल्लंघन के आरोपों के तहत हरमीत खनूजा, विजय जैन, उमा तिवारी और उनके पति केदार तिवारी को अप्रैल 2025 में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में कथित तौर पर जमीन को टुकड़ों में बांटकर और फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई थी। यह घोटाला रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के लिए भारतमाला परियोजना के तहत हुए भूमि अधिग्रहण से जुड़ा है, जिसमें मुआवजा राशि को गलत व्यक्तियों को हस्तांतरित करने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए राशि हड़पने का आरोप है।



नियमित जमानत मंजूर

# पूर्व मंत्री लखमा को नहीं मिली जमानत, हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने किया खारिज

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने प्रदेश के चर्चित शराब घोटाले के केस में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कवासी लखमा शराब घोटाला केस में जेल में बंद हैं। कोर्ट ने कहा- मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दी जा सकती। मामले की की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में हुई।



शराब घोटाला

दरअसल, शराब घोटाला मामले में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को इसी साल 15 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में EOW ने भी केस दर्ज किया है, और गिरफ्तारी की। जिसकी जांच के बाद चार्ज शीट पेश की गई। कवासी लखमा ने अपने वकील हर्षवर्धन के माध्यम से अलग-अलग याचिका दायर की है। शुक्रवार को EOW की गिरफ्तारी के केस में बेल पर सुनवाई हुई, जिसमें तर्क दिया गया, कि साल 2024 में केस दर्ज किया गया था, जिसमें डेढ़ साल बाद गिरफ्तारी की गई है, जो गलत है। इस दौरान कभी उनका पक्ष ही नहीं लिया गया। लेकिन, जब उन्हें गिरफ्तारी का शक हुआ और अग्रिम जमानत अर्जी लगाई, तब अरेस्ट कर लिया गया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि केवल बयानों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केंद्र सरकार का बड़ा निर्णयः धान खरीदी का अनुमान 70 से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन किया, छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ रायपुर। प्रदेश के किसानों के लिए शुक्रवार का दिन एक अत्यंत हर्ष और गर्व का दिन है। केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के अनुमान को 70 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 78 लाख मीट्रिक टन करने की ऐतिहासिक स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय प्रदेश के लाखों अन्नदाताओं की मेहनत को नई पहचान और उनकी आर्थिक समृद्धि को नई दिशा देगा।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन प्रतिबद्धता का सजीव प्रमाण है, जिसमें किसान कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### हमारे किसानों के परिश्रम को केंद्र ने दी मान्यताः सीएम साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा- सोशल मीडिया 'एक्स' में पोस्ट करते हुए कहा कि, केंद्र सरकार द्वारा 8 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त धान खरीदने की स्वीकृति, हमारे किसानों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोयला घोटाले में एसीबी/ईओडब्लू की बड़ी कार्रवाईः फरार आरोपी देवेंद्र डडसेना गिरफ्तार

रायपुर। कोयला घोटाला मामले में फरार आरोपी देवेंद्र डडसेना को ACB/EOW ने गिरफ्तार किया है. आरोपी डडसेना को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 7 दिनों की ईओडब्ल्यू रिमांड पर भेजा गया. EOW आरोपी से कोयला घोटाले को लेकर पूछताछ करेगी.

EOW के मुताबिक, आरोपी देवेंद्र डडसेना ने कोयला घोटाले में कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपए की वसूली की थी. इस राशि को राजनीतिक कार्यों में खर्च किया गया था. ईडी की जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों से मिलीभगत के बाद ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर कोयला ट्रांसपोर्ट करने वालों से अवैध वसूली की. जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच कोयले के हर टन पर 25 रुपये की अवैध लेवी वसूली गई. 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया गया था. खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक IAS समीर बिश्नोई ने आदेश जारी किया था. यह परमिट कोल परिवहन में कोल व्यापारियों को दिया जाता है. पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया. इसमें जो व्यापारी पैसे देता उसे ही खनिज विभाग से पीट और परिवहन पास जारी होता था, यह रकम 25 रुपये प्रति टन के हिसाब से सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा होती थी. इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपये की वसूली की गई. जांच में सामने आया है कि इस घोटाले की राशि को सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत देने में खर्च किया गया. साथ ही चुनावी खर्चों के लिए भी इस अवैध राशि का इस्तेमाल किया गया. आरोपियों ने इससे कई चल-अचल संपतियां खरीदी.



कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर भेजा




# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ, सभी दलों ने जताई सहमति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए सभी राजनीतिक दल एकमत हैं। इससे संसद के आगामी मानसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने का रास्ता साफ हो गया है। इस वर्ष मार्च में जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर आग लगने की घटना हुई थी। इस दौरान अधजले नोटों से भरी बोरियां बरामद हुई थीं। उस समय जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश थे। उनको बाद में इलाहाबाद हाई कोर्ट वापस भेज दिया गया, लेकिन उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# छत्तीसगढ़ में जनविश्वास विधेयक पारित, अब आपराधिक मुकदमा नहीं, लगेगा जुर्माना

### विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### विधेयक में 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में हुआ संशोधन

### छत्तीसगढ़ जनविश्वास विधेयक पारित करने वाला देश का दूसरा राज्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज जनविश्वास विधेयक ध्वनिमत से पारित हुआ। यह विधेयक राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस ऐतिहासिक विधेयक का उद्देश्य अंग्रेजों के समय से चले आ रहे कई ऐसे कानूनों को संशोधित करना है, जो नागरिकों और कारोबारियों द्वारा की गई छोटी-मोटी त्रुटियों को भी आपराधिक कृत्य की श्रेणी में शामिल थे।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस विधेयक को विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए भारतीय न्याय संहिता की तर्ज पर, छत्तीसगढ़ अब मध्यप्रदेश के बाद दूसरा राज्य बन गया है, जिसने जनविश्वास विधेयक पारित किया है। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य में रोजगार व्यवसाय को आसान बनाने के साथ-साथ गैर अपराधिक श्रेणी के मामलों में व्यापारियों एवं आम नागरिकों न्यायालयीन मुकदमे से संरक्षित करना और एक सुगम व्यावसायिक एवं जिम्मेदारीपूर्ण वातावरण तैयार करना है। यह विधेयक दंड देने के बजाय व्यवसाय को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### आज मुसराकला में श्री चंद्रमौलेश्वर बाबा जी की पालकी यात्रा



राजनांदगांव (दावा)। शिवगण सेवा समिति एवं समस्त ग्राम वासी मुसराकला के तत्वाधान में श्रवण मास के शुभ अवसर पर बाबा महाकाल की भव्य शोभा यात्रा का आयोजन 19 जुलाई शनिवार समय ग्राम भ्रमण दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। बाबा चंद्रमौलेश्वर की भव्य आरती दोपहर 3 बजे होगा। उसके पश्चात प्रसादी वितरण शाम 4 बजे बाजार चौंक मुसराकला में किया जाएगा। उक्त अवसर पर शिवगण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी मुसराकला ने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### नूरबानो एस. लालानी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी जनाब सुलेमान लालानी की माताश्री नूरबानो एस. लालानी का आज सुबह 11 बजे निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। स्व. नूरबानो एस. लालानी अपने पीछे दो बेटों और एक बेटी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले और इस दुख की घड़ी में परिवार को संबल प्राप्त हो। जनाजे की मैयत कल सुबह 10 बजे उनके निज निवास प्रिंसेस पैलेस से मुस्लिम कब्रिस्तान (बिजली ऑफिस के पास) के लिए जाएगी।

### प्लाइवुड हार्डवियर संघ द्वारा चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंत्रियों का किया सम्मान




- व्यापारी हित में चेंबर ऑफ कॉमर्स सदैव तत्पर - खूबचंद पारख
- प्लाइवुड हार्डवेयर संघ ने किया चैंबर ऑफ कॉमर्स के नए पदाधिकारियों का सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। प्लाइवुड एवं हार्डवेयर संघ, राजनांदगांव ने आज होटल अबाना में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त प्रदेश और जिला पदाधिकारियों का सम्मान किया। यह आयोजन प्लाइवुड एवं हार्डवेयर संघ के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ।

चैंबर के जिला महामंत्री अरुण डूलानी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश के नवनियुक्त उपाध्यक्ष विनोद डड्ढा, ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश के मंत्री अमर लालवानी, तरुण लहरवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल और चैंबर के पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष अग्रवाल का हार्डवेयर संगठन द्वारा सम्मान किया गया।

सम्मान सभा के बाद चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रदेश के संरक्षक खूबचंद पारख ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में चैंबर के नए अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के हित में सकारात्मक भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यापारियों के हित में सभी संगठन एकता के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पारख ने बताया कि एक लंबे समय के बाद चैंबर की सक्रियता से व्यापारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने जीएसटी से जुड़ी विसंगतियों का भी जिक्र किया। जिस पर चैंबर लगातार सरकार के संपर्क में है और व्यापारियों के हित में बातचीत कर रहा है। जिसमें उन्हें सरकार का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

चैंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने हार्डवेयर संगठन के सभी सदस्यों की कर्मठता और निष्ठा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी के कारण चैंबर ऑफ कॉमर्स आज मजबूत स्थिति में है। उन्होंने व्यापार हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए सभी की सहभागिता का आह्वान किया और आने वाले समय में चैंबर ऑफ कॉमर्स संगठन को मजबूत करने के लिए सभी व्यापारियों से बैठकों में उपस्थित होने और महत्वपूर्ण सुझाव देने का भी आह्वान किया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्ढा, ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, अमर लालवानी और तरुण लहरवानी ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर हार्डवेयर संघ के संरक्षक सूर्यकांत चितलांग्या और दीपचंद ललवानी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से बलबीर सिंह बग्गा, नरेश चंद बावरिया (संयोजक), अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेश पटेल, जयंती भाई पटेल, नवीन अग्रहरि, महेंद्र सुराणा, नारायण गुप्ता, दयाल लहरवानी, जीता लहरवानी, दीपक लहरवानी, रवि लहरवानी, हर्ष पटेल, हर्ष चितलांग्या, यूसुफ जमील, चौरसिया जी, हरिभाई पटेल एवं हार्डवेयर संगठन के अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हार्डवेयर संगठन के राजकुमार बाफना ने किया।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
18th July to 24th July 2025




Saiyaara - 12:00, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 and 09:30 pm
Maalik - 12:15, 03:15 and 09:15 pm
Superman (Hindi 2D) - 12:30 pm
Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 06:30 pm
Metro In Dino - 06:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपर डूपर हीट, बम्फाड़ धमाका
तुझे मेरी कसम
साल 2003 का धांसू धमका
कला : रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, आसरानी, शक्ति कपूर




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# रेल्वे ओवरब्रिज में डिवाईडर बनाकर दुर्घटनाओं को दिया जा रहा न्यौता

**राजनांदगांव (दावा)।** इन दिनों शहर में ऐसी अजीब-अजीब चीजें देखने में आ रही है, जिसे देखते ही माथा ठनकने लगता है। सड़क पर अवैध कब्जा कर दुकानदारी करने वाले के अतिक्रमण तो हटाए जा रहे हैं। लेकिन बीच सड़क में लगे ट्रांसफार्मरों, तारों के मकड़जाल वाले विद्युत खंभों को छेड़ने की हिम्मत नहीं हो रही है। जबकि इन खंभों की आड़ अवैध कब्जा कर लोग अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। यदि उक्त बेतरतीब खड़े खंभे व्यवस्थित कर दिए जाएं तो शहर की सड़कें और चौड़ी हो सकती है। जिससे बगैर बाधा के शहर की यातायात सुलभ हो सकता है।

### हादसों का रेल्वे ओवरब्रिज

बताते चलें कि शहर के खैरागढ़ रोड स्थित रेल्वे ओवर ब्रिज को हादसों का ओवरब्रिज कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। स्टेशन पारा रेल्वे अंडरब्रिज नहीं बनने से इस ओवर ब्रिज में पड़ने वाले अति यातायात दबाव के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। जिससे अभी तक दर्जनों जाने जा चुकी है। इसे देखते हुए यातायात विभाग द्वारा दुर्घटनाओं पर अंकुश लाने जगह-जगह स्टैंड लगाकर अस्थाई बेरिकेट्स लगाया गया था। इससे दुर्घटना में थोड़ी कमी आई हुई थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी वाले इस अस्थाई बेरिकेट्स की जगह ईंटों की दीवार से स्थाई बेरिकेट्स बनवा कर इसे और भी जानलेवा बनाने पर तुला हुआ है। पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे इस स्थाई बेरिकेट्स को लेकर विपक्षियों ने मोदी जी पर कमेंट करना शुरू कर दिया है।

बता दें कि विभाग द्वारा ईंटों की जोड़ाई से स्थाई बेरिकेट्स बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे ओवर ब्रिज और भी संकुचित हो गया है। इससे बड़ी मुश्किल से गाड़ियां निकल रही है। ऐसे हालात में यदि कोई बड़ी गाड़ी ब्रिज में बिगड़ जाए या अटक जाए तो शेष वाहनों के निकलने के लिए वहां पर कोई जगह ही नहीं रहेगा। पीडब्ल्यूडी का ऐसा कौन सा इंजीनियर होगा जो संकुचित रेलवे ओवर ब्रिज में इस तरह का ज्ञान देकर परमानेंट बेरिकेट्स बनवा रहा है, यह समझ से परे है।



संकुचित ब्रिज में बड़े वाहन के फंसते ही लग जाएगा लंबा जाम, लोगों को होगी भारी परेशानी

लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा बनवाया जा रहा यह स्थाई बेरिकेट्स लोगों के लिए जानलेवा साबित होगा। क्योंकि यदि किसी एक तरफ का रोड जाम होने से दूसरी तरफ के रास्ते से निकलने के लिए कोई रास्ता ही नहीं है। इससे या तो जाम फंस कर छटपटाते रहना ही नियति हो सकती है या फिर दूसरे तरफ का रास्ता जब तक क्लियर न हो जाए इंतजार करना पड़ेगा। चिखली, स्टेशन पारा, दीनदयाल नगर, गठुला आदि क्षेत्रों से रोजाना आवाजाही करने वालों ने बताया कि दुर्घटना रोकने के लिए यातायात विभाग द्वारा लगाए गए, अस्थाई बेरिकेट्स सही था। इससे कम से कम एक तरफ का रास्ता बाधित होने पर बीच में से कहीं निकलकर फिर अपने रुट में आया था सकता था लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए जा रहे ईंट के अस्थाई बेरिकेट्स बनाम रोड डिवाइडर से वह भी न हो सकेगा। इससे यातायात जाम होने के साथ-साथ दुर्घटना होने की भी संभावना बनी हुई है। वहीं वाहन चालकों के बीच मारपीट की भी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। शांति नगर निवासी निरंजन ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को यदि परमानेंट बेरिकेट्स बनाने है तो हर दस-पंद्रह मीटर के बाद आठ-दस फूट की जगह छोड़ते जाएं ताकि आपात स्थिति में वाहन चालक बाधित स्थान से मुड़ कर फिर से अपने पहले वाले रुट पर आ सकें। पूरी तरह स्थाई बेरिकेट्स में यह संभव नहीं है।

शिक्षक नगर में रहने वाले जितेंद्र कुमार ने बताया कि स्टेशन पारा रेल्वे ओवरब्रिज में स्थाई बेरिकेट्स कहे या परमानेंट रोड डिवाइडर बनाने का औचित्य ही क्या है जबकि बरसात के बाद अंडरब्रिज का काम युद्ध स्तर पर चलने से लोगों को आवागमन की सुलभ सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। ऐसे हालात में स्थाई बेरिकेट्स कहे या रोड डिवाइडर बनाना न केवल शासन का व्यर्थ पैसा ख़र्च करना लोगों की जान को आफत में डालना है।

लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि खैरागढ़ रेलवे ओवर ब्रिज में बढ़ती यातायात दबाव को व्यवस्थित करने फिलहाल स्टैंड नुमा अस्थाई बेरिकेट्स बहुत सही व्यवस्था थी, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग इस संकुचित जगह में स्थाई बेरिकेट्स बनाम रोड डिवाइडर बनाकर लोगों की जान को जोखिम में डालने का काम कर रहा है। बहरहाल पीडब्ल्यूडी का यह कार्य किसी के भी गले नहीं उतर रहा है।

## रॉयल किड्स कान्वेंट में डॉ. जे. बी. सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आगाज




राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में आज से डॉ. जे. बी. सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई है, टूर्नामेंट के आरंभ में डॉ. जे बी सिंह सर की स्मृति में दो मिनट मौन रखकर उन्हें याद किया गया, तत्पश्चात मुख्य अतिथि आनंद बहादुर सिंह का शाला के अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया फिर मैच शुरू हुआ। इस अवसर पर शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, बोर्ड मेंबर श्रेयांश बहादुर सिंह, वर्सर आई के वैष्णव, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्रथम मैच रॉयल किड्स कान्वेंट एवं युगांतर पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। जिसमें युगांतर की टीम विजयी रही। द्वितीय मैच व्हाइडनर मेमोरियल स्कूल एवं गुरुनानक स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें व्हाइडनर की टीम विजयी रही।

### डॉ. जे. बी. सिंह सर की स्मृति में आयोजन

यह टूर्नामेंट डॉ. जे. बी. सिंह सर की याद में आयोजित किया जा रहा है, जो एक प्रसिद्ध शिक्षाविद, स्पोर्ट्स पर्सन और रॉयल किड्स कॉन्वेंट के संस्थापक थे। इस टूर्नामेंट के माध्यम से छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने खेल कौशल को विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### आरकेसी की पहल

रॉयल किड्स कॉन्वेंट हमेशा से ही छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है और इस तरह के लीग टूर्नामेंट के आयोजन से यह पहल और भी मजबूत होगी। शालेय स्तर पर इस तरह का लीग टूर्नामेंट पहली बार हो रहा है, इसमें कुल 28 मैच होंगे। बोर्ड मेंबर श्रेयांश बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में इमरान खान एवं नवीन शर्मा के द्वारा इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में राजनांदगाँव एवं बाहर की भी टीमें आमंत्रित की गई हैं। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल एवं उपस्थित लोगों ने बच्चों को अपने खेल कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया और बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## आज आरोग्यम क्लीनिक में विशेष ओपीडी : प्रोस्टेट, पथरी, मूत्र, नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करते हुए नया बस स्टैंड स्थित सतनाम भवन राजनांदगांव में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक ने एक छत के नीचे अनुभवी चिकित्सकों की टीम उपलब्ध कराकर एक महत्वपूर्ण पहल की है। यह क्लीनिक अंचल के निवासियों को बड़े शहरों जैसी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है।

**क्लीनिक की प्रमुख विशेषताएं**

0 **सभी प्रमुख रोगों का एक स्थान पर इलाज :** यह सुविधा मरीजों को अलग-अलग विशेषज्ञों के लिए भटकने से बचाती है।
0 **जटिल बीमारियों के लिए विशेषज्ञ परामर्श :** गंभीर और जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेषीकृत मार्गदर्शन उपलब्ध है।
0 **नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित परामर्श :** बीमारियों की रोकथाम और समय पर इलाज के लिए नियमित जांच की सुविधा है।
0 **समय और धन की बचत के साथ उच्च स्तरीय सेवाएं :** स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ सेवाएं मिलने से मरीजों का समय और पैसा दोनों बचता है।

आज आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में विभिन्न चिकित्सा विभागों के अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशेषज्ञों की टीम में पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू, नस, मस्तिष्क, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, निसंतानता एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. रैनी अग्रवाल, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा, एवं चर्म रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हृदय रोगियों के लिए अंचल के सुप्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बक्शी प्रत्येक शुक्रवार को क्लीनिक में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### किफायती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं

आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यहां परामर्श और इलाज की प्रक्रिया को सरल और किफायती बनाया गया है। जिससे आम नागरिक भी आसानी से लाभ उठा सकते हैं। क्लीनिक की शुरुआत से राजनांदगांव के नागरिक बेहद खुश हैं। उनका कहना है कि अब उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि 'आरोग्यम क्लीनिक ने हमें हमारे ही शहर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। यह हमारे लिए एक बड़ी राहत है।'

## गांजा बेचने व परिवहन करने वाली महिला गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना व सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने व इसके परिवहन करने वाली आरोपी महिला को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से 6.34 किग्रा मादक पदार्थ व मोबाइल जब्त की है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक महिला फरहद चौक में लाल कलर की साड़ी व एक काला आसमानी कलर बैग रखी हुई है जिसमें गांजा रखकर परिवहन कर बेचने की फिराक में खड़ी है। इस पर हमराह स्टाप एवं सायबर टीम की संयुक्त कार्यवाही कर मुखबीर के बताये अनुसार पराता हाउस के पास खड़ी महिला को घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही में मुखबीर के बताये अनुसार पिटठू बैग काले आसमानी रंग का अमेरिकन टूरिस्टर लिखा हुआ था।

### छह किलो से ज्यादा गांजा जब्त

इस पर संदेही के कब्जे से 3 पैकेट भूरा सेलोटेप से बंद पदार्थ मिला। जिसे चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा के रूप पहचान किया। पहचान पश्चात् उक्त मादक पदार्थ का तौल करने पर कुल वजन 6.341 किग्रा पाया बाद गवाहों के समक्ष आरोपिया के पास से बरामद गांजा किमती 63140/रू. एवं पुरानी इस्तमाली ओप्पो कंपनी का मोबाईल किमती 10000/रूपये कुल जुमला कीमती 73140 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-7
689-3 268-6
राजधानी
3-6-9
359-7 344-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी और सिंघोला विद्युत वितरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली कि दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में अपना मोर्चा खोल दिया है। शुरू में तो उन्होंने विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में सोमनी और सिंघोला वितरण केंद्र पहुंचकर राज्यपाल के नाम एई को ज्ञापन सौंपा है। यदि बिजली दरों में 1 जुलाई से की गई वृद्धि को वापस नहीं ली गई तो आंदोलन भी ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में आंदोलन भी कर सकते है।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि वर्तमान में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में निरंतर की जा रही वृद्धि आम जनता, किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों, छोटे व्यापारियों एवं श्रमिक वर्ग पर भारी आर्थिक बोझ बन चुकी है। घरेलू उपभोक्ताओं पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं पर 25 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों की कृषि विद्युत दर में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जो पूर्णतः अल्यायपूर्ण, तर्कहीन एवं जनविरोधी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर दस निर्णय के विरोध में बिजली न्याय आंदोलन की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में 18 जुलाई को समय 11 बजे बिजली कार्यालय सोमनी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के नेतृत्व में जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने हेतु यह ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग इस प्रकार से है- बिजली दरों में की गई अनुचित वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। किसानों की कृषि विद्युत दरों में पूर्व की रियायती दरें पुनः लागू की जाएं। बिजली बिलों में अनियमितता एवं ओवरबिलिंग की तत्काल जांच कर दोपियों पर कार्यवाही की जाए। राजनांदगांव ब्लॉक के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार हो रही बिजली कटौती पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु ब्लॉक स्तर पर स्थायी हेल्प डेस्क की स्थापना की जाए। यदि इन मांगो पर शीघ्र और सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाती है तो भारतीय राष्ट्रीय कांगेस लोकतांत्रिक तरीके से चरणबद्ध और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। जनहित के अत्यंत गंभीर मुद्दे पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर राज्य की जनता को राहत प्रदान करेंगे। इस दौरान कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, रोहित चंद्राकर, अंगेश्वर देशमुख, टिंकू साहू, रामेश्वर साहू, ललित कमरे, कपिल साहू, सुनील कोठारी, तिजु चक्रधारी, पोषण देशलहरे, मोहित, तेजेंद्र वैष्णव, रोशन, लक्ष्मण साहू, भोज साहू, योगेंद्र वैष्णव, ढिल्लू साहू सरपंच डोडिया, हेमशंकर साहू, चुम्मन निषाद, कुंदन चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, डोमार साहू, छोटू सिंगोलिया, चंपा चंद्राकर, मानसिंह साहू, नीलम, देशू, जसवंत साहू आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700027 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चमेली साहू ध.प. भुनेश्वर साहू, निवासी वार्ड नं. 33, गांधी चौक, राजनांदगाँव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 28 ए, भूखण्ड क्रमांक 19, क्षेत्रफल 92.00 वर्गमीटर जो धारक मंजु ध.प. हेमंत साहू, निवासी-भरकापारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700029 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चमेली साहू ध.प. भुनेश्वर साहू, निवासी वार्ड नं. 33, गांधी चौक, राजनांदगाँव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 28 ए. भूखण्ड क्रमांक 32/3, क्षेत्रफल 104.30 वर्गमीटर जो धारक तिरमिला ध.प. भगवान राम सोनी, निवासी गांधी चौक के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202507093700028 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चमेली साहू ध.प. भुनेश्वर साहू, निवासी वार्ड नं. 33, गांधी चौक, राजनांदगाँव तहसील व जिला-राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला बसंतपुर स्थित शीट क्रमांक 27 बी, भूखण्ड क्रमांक 47/2, क्षेत्रफल 88.39 वर्गमीटर जो धारक मंजु साहू ध.प. हेमंत साहू, निवासी-भरकापारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 04.08.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगाँव**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा सूचना क्र.-14**

क्रमांक/1688/वलेलि/ग्रायांसेवा/2025-26 — राजनांदगांव, दिनांक 17/07/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने ऑनलाईन मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा कार्यालय में पहुचने का दिनांक | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| शासकीय हाईस्कूल कन्या भवन में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण कार्य एल.बी.नगर विकासखण्ड डोंगरगढ़ | 5.70 | 01.08.2025 | प्रथम बार |
| शासकीय हाईस्कूल भवन में कला एवं सांस्कृतिक कक्ष निर्माण कार्य मुगलानी विकासखण्ड डोंगरगढ़ | 5.70 | 01.08.2025 | प्रथम बार |
| शासकीय हाईस्कूल में प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य रूवातला विकासखण्ड डोंगरगढ़ | 6.25 | 28.07.2025 | द्वितीय बार |
| कृषि श्रमिकों हेतु विश्राम कक्ष सह शौचालय निर्माण कृषि प्रक्षेत्र भंवरमरा विकासखण्ड राजनांदगांव | 2.98 | 28.07.2025 | द्वितीय बार |
| शासकीय प्राथमिक शाला बालवाटिका में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य आलकन्हार विकासखण्ड मोहला | 6.83 | 28.07.2025 | द्वितीय बार |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http:// eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 18.07.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 28.07.2025 एवं 01.08.2025 तक सायं 5.30 तक है।

जी- 252602286/2

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव**

# गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशासन द्वारा झांकी समितियों की ली गई बैठक

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी की श्री गणेशोत्सव की गौरवशाली परंपरा के संदर्भ में पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के तमाम गणेशोत्सव समितियों के लोगों की एक बैठक में झांकी निकलाने का रूट चार्ट व पंडाल व्यवस्था पर सविस्तार चर्चा कर सहमति बनाई गई।



बैठक में झांकी व साउंड सिस्टम संचालन के लिये अनुविभागीय दण्डाधिकारी से परमिशन लेने के निर्देश दिये गये। वहीं सभी झांकी समितियो को विद्युत लाईन को ध्यान में रखते हुये झांकी तैयार करने निर्देश दिये गये है। इसी तरह गणेश समितियों वालों को तय मानक तरीके से निर्धारित साउंड सिस्टम का संचालन एवं छोटी वाहनो का इस्तेमाल किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। साथ ही समितियो को साउंड सिस्टम पर असभ्य गाने न बजाये जाने के भी निर्देश दिये गये है।

**पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व बड़ी संख्या में गणेश समितियों के लोग रहे मौजूद**

बता दें कि प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगरवासियों द्वारा चौक चौराहों में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। गणेश विसर्जन के दिन समितियो द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक झांकिया निकालकर शहर में घुमाया जावेगा है। जिसमें काफी संख्या में क्षेत्रावासी एकत्रित होकर विसर्जन में सम्मिलित होकर झाकियो का आनंद लेते है। झांकी के दौरान शहर में काफी भीडभाड रहती है।

गणेश उत्सव पर्व (झांकी) को शांतिपूर्वक सम्पन्न किये जाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अपर कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर व नगर पुलिस अधीक्षक तथा थाना प्रभारियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में झांकी समितियों के सदस्यों की बैठक लिया गया। जिसमें झांकी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पदाधिकारियो द्वारा रोड के बीचो-बीच पंडाल ना लगने व झांकी निकालने के दिन रूट निर्धारण तथा साउंड सिस्टम को लेकर चर्चा हुई, जिस पर सभी समितियां के सदस्यों द्वारा गुरुद्वारा से मानव मंदिर, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक होते हुए गंज चौक में झांकी समाप्त करने की बात को लेकर सहमति प्रदान किया गया तथा साउंड सिस्टम के लिए शासन-प्रशासन के दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए झांकी निकालने के बात पर सहमति दिए। सुरक्षा संबंधित तथ्यो पर विचार किया गया तथा समिति के सदस्यो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये और उनके सुझाव भी सुने गये।

# मैदानी स्तर पर गर्भवती महिला एवं कुपोषित बच्चों को लाभ पहुंचाने तथा उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य स्तर को बेहतर करने हरसंभव प्रयास करें - सुश्री सुरुचि सिंह




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग एक दूसरे के पूरक है। दोनों विभाग के आपसी समन्वय से कार्ययोजना बनाकर कुपोषण को दूर किया जा सकता है। कुपोषण को दूर करने के लिए प्रमुख रूप से गर्भवती महिलाओं के चार एएनसी चेकअप एवं पोषण परामर्श विशेष रूप से ध्यान देने कहा। उन्होंने पालक चौपाल में गर्भवती माताओं को बुलाकर एनीमिया से बचाव, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले पोषक पदार्थों का सेवन करने, गर्भवती महिलाओं के प्रतिमाह वजन बढ़ोत्तरी का पर्यवेक्षण करने, साथ ही खतरे के लक्षण वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर प्रतिमाह उन्हें जांच कराने के लिए सीएचसी अथवा पीएचसी ले जाने एवं वीएचएसएनडी, पालक चौपाल में उन्हें पोषण परामर्श देने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी जागरूक करने हेतु कहा। जिला पंचायत सीईओ ने 5 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने विशेष क्षेत्र के बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कुपोषण को पूर्णतः समाप्त करने के लिए कार्ययोजना साझा करने कहा। उन्होंने विभागीय अन्य योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना से पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

**जिला पंचायत सीईओ ने ली महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और एनआरएलएम की संयुक्त बैठक**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने शिशु एवं मातृत्व इंडीकेटर को लक्षित करते हेतु गर्भवती महिलाओं का पंजीयन गुणवत्तायुक्त 4 एएनसी चेकअप, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, एनआरसी, पालक चौपाल, पोर्ट लाईका कार्यक्रम, आयरन टैबलेट वितरण, कम वजन के पैदा हुए बच्चों के इंडीकेटर के संबंध में जानकारी ली तथा इसकी डाटा एण्ट्री का कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। उन्होंने छुरिया एवं डोंगरगांव विकासखण्ड में एएनसी सर्विस को सुदृढ़ करने निर्देशित किया। पोषण ट्रेकर की सम्पूर्ण एण्ट्री करने कहा। पोषण पुर्नवास केन्द्रों को बेड रेट और ईलाज दर बढ़ाने तथा गंभीर कुपोषित एवं माध्यम कुपोषित बच्चों का फलोअप के निर्देश दिए। सभी आईसीडीएस सुपरवाईजर को माह में कम से कम 1 बच्चा पोषण पुर्नवास में भेजने कहा। उन्होंने आयरन, कैल्शियम तथा कृमिनाश दवा (ऐल्बेडाजॉल) सभी गर्भवती माताओं को शत-प्रतिशत उपलब्ध सुनिश्चित कराने कहा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना एवं पोषण पुर्नवास केन्द्र का लाभ लेने हेतु मैदानी स्तर पर हितग्राहियों को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व एनआरएलएम के समन्वित प्रयास से मैदानी स्तर पर गर्भवती महिला एवं कुपोषित बच्चों को लाभ पहुंचाने व उनके पोषण स्तर एवं स्वास्थ्य स्तर को बेहतर करने हेतु हरसंभव प्रयास करने हेतु विभागों को प्रेरित करें। बैठक में कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न सहित महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, बीईटीओ, मितानिन समन्वयक उपस्थित थे।

# मोखला में अवैध शराब बिक्री पर शिकंजा : विक्रेता पर 50,000 का अर्थदंड




राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोखला के ग्रामीणों ने बीते दिनों में ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों के सहयोग से अवैध शराब, गांजा और गंदगी फैलाने वालों पर सख्त करवाई का प्रस्ताव पारित कर अमल की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मोखला एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया गया है, जिसका परिपालन ग्रामवासी भलीभांति कर रहे हैं। गांव में जगह-जगह पर सूचना चस्पा की गई है कि शराब बेचने वालों से 50000 रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। शराब लेने वालों से 30000 रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। बताने वाले को 20000 रूपये का इनाम दिया जाएगा। गांजा बेचने वालों को 30000 अर्थदंड लिया जाएगा। गांजा लेने वालों से 20000 अर्थ दंड लिया जाएगा तथा बताने वाले को 10,000 ईनाम दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब गांजा पीने वालों से 20000 अर्थ दंड लिया जाएगा। तालाब में मछली काटने सुधारने वालों से 10000 अर्थदंड लिया जाएगा। दुकान में नाबालिक लड़के-लड़कियों को बीड़ी सिगरेट व अन्य नशीली पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों से 20000 अर्थदंड लिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब गांजा का आदान प्रदान करना सख्त मना है।

# महापौर मधुसूदन यादव ने लखोली, केशर नगर और जनता कॉलोनी का किया वार्ड निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 पहुंच वार्डवासियों से रूबरू हो साफ सफाई के संबंध में चर्चा कर निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने उप अभियंता अशोक देवांगन से निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कराने कहा।

महापौर श्री यादव आज सुबह लखोली वार्ड नं. 30 एवं 31 के पार्षद चंद्रशेखर लश्करे व श्रीमती रीना सिन्हा के साथ जनता कालोनी, केशर नगर में साफ सफाई का जायजा लेकर सभी नाली नालो की नियमित सफाई करने, कचरा उठाने तथा जल भरान क्षेत्र में विशेष सफाई कर पानी भरान पर निकासी हेतु कच्ची नाली खोदने कहा। अलट आवास के आस पास समुचित साफ सफाई करने कहा। उन्होंने वार्डवासियों से रूबरू हो अपने घर एवं आसपास साफ सफाई रखने, गिला सुखा कचरा अलग अलग कर स्वच्छता दीदीयों को देने समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि बरसाती मौसमी बीमारी से बचने ऐहतियात बरते, पानी छानकर पीये।

**साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का लिया जायजा**

महापौर श्री यादव ने विश्वकर्मा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किया तथा केशर नगर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु स्थल विवाद का वार्डवासियों से चर्चा कर निराकरण किए। उन्होंने जनता कालोनी उद्यान निर्माण का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान निर्माण में मनोरंजन संबंधी सभी बातो का विशेष ध्यान रखा जाए और कार्य गुणवत्ता के साथ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान निगम का तकनीकि एव स्वास्थ्य अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई : 8.100 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित संत्री शराब जब्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा थाना बागनदी ग्राम कोठीटोला में मोनूराम पुजेरी के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित 8.100 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक लाल सिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक भोजराज बंजारे शामिल थे। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम के लिए होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

# मातृत्व वंदना योजना के नाम पर महिला लाभार्थियों को ठगी का शिकार बना रहे हैं साइबर ठग




राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों महतारी वंदन योजना के नाम पर महिला लाभार्थियों को सायबर ठगों द्वारा ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गर्भवती एवं शिशुवती महिलायों को शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना मातृत्व बंदन योजना का लाभ दिलाने और राशि को उनके खाते में जमा करने के नाम पर सायबर ठगों द्वारा अपने आप को डॉक्टर बताकर मितानिन एवं हितग्राहियों को एक साथ कॉफेंस में लेकर भरोसा दिलाकर ठगी की जा रही है।

**महतारी वंदन के साइबर ठगों से रहें सावधान रहने की अपील**

बताया जाता कि साइबर ठगों द्वारा पहले मितानिनों को फोन लगा कर अपने आप को डॉक्टर बताया जाता है साथ ही उसके ट्रू कॉलर पर किसी डॉक्टर का नाम भी प्रदर्शित होता है जिसके कारण मितानिन उसके झांसे में आ जाती है फिर सायबर ठग द्वारा शासन द्वारा चलाये जा रहे योजना के बारे में बात करते करते मितानिनों से उनके क्षेत्र के गर्भवती एवं शिशुवती महिलायों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हैं और उनके साथ बात करते हुए हितग्राही महिला को कॉफ्रेस के माध्यम से फोन कॉल कर उनसे भी शासन के द्वारा संचालित मातृत्व बंदना योजना का लाभ दिलाने के संबंध में बात करते हुए उनके बैंक खाते में रकम जमा करने के संबंध में बात करते हैं, बातो-बातों में हितग्राहियों से उनका फोन-पे, गुगल-पे आदि एकाउण्ट की जानकारी ले लेते हैं। और उनके रूपये भेजने का नोटिफिकेशन भेजते हैं जिसे हितग्राहियों द्वारा क्लीक करने पर रूपये आता नहीं है बल्कि उनके बैंक खातों से रकम सायबर फ्रॉड के खातों में चला जाता है। इस प्रकार सायबर ठगों द्वारा लोगों को भरोसा दिलाकर रकम देने की जगह रकम उनके बैंक खातों से खाली कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहें है।

सायबर ठगों द्वारा ठगी करने के लिए हमेशा नये-नये हतकण्डे अपनाये जा रहे है। इस लिए राजनांदगांव पुलिस का अपील है कि कोई अनजान नम्बर से कॉल करके अपनेआप को उनका अधिकारी बताता है और उनसे जानकारी पूछता है तो उन्हें किसी प्रकार की जानकारी ना देवें।

### सायबर ठग द्वारा ऐसे की जाती हैं ठगी

सायबर ठग विभिन्न वेबसाईड से विभिन्न शासकीय विभाग के योजनाओं संबंध में तथा वेबसाईड में दिये गये कॉनटेक्ट लिस्ट के माध्य से विभागों के वरिष्ठ अधिकारियो के नाम व नम्बरों का पता लगा लेते हैं फिर सायबर ठगों द्वारा उन संस्था या विभाग के छोटे कर्मचारियों को उनके वरिष्ठ अधिकारी बनकर कॉल करते है जिससे वह कर्मचारी उनका सम्मान करते हुए व आदेश का पालन करते हुए या भयवश उन्हें सभी जानकारी तत्काल उपलब्ध करा देते है सभी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सायबर ठगी का यह तरीका ये वारदात होता है हितग्राहियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के बाद सायबर ठग द्वारा लोगों को भरोसे में लेने के लिए उन्हें कॉफ्रंस में रखते है और हितग्राहियों से उनकी बात भी करवा देते हैं जिससे हितग्राही भरोशे में आकर सायबर ठग को अपने बैंक खातों, यू.पी.आई. आई.डी., फोन-पे, गुगल-पे आदि की जानकारी दे देते हैं और उसपर सायबर ठगों द्वारा रूपये भेजने का नोटिफिकेशन भेज कर या क्यूआर कोड भेज कर उनके बैंक खातों को खाली कर देते हैं।

### क्लिक करने पर हो जाता है इंस्टाल

सायबर ठगों द्वारा फार्म भरने के नाम पर या किसी योजना के नाम पर एपीके एप्प का लिंक भेज देते हैं जिसे क्लिक करने से वह इन्सटॉल हो जाता है जिससे लोगों का कॉल फॉर्वडिंग, एस.एम.एस. फॉर्वडिंग, स्क्रीन सेवर एपलीकेशन इन्स्टाल हो जाता है। जिसके माध्यम से लोगों के फोन पर आ रहे कॉल, एस.एम.एस. ठगों के पास चले जाता है और स्क्रीन सेवर एप्लीकेशन इन्सटाल होने पर लोगों के मोबाईल फोन का स्क्रीन सायबर ठगों को सेयर हो जाता है जिसका लाभ उठाकर सायबर ठग लोगों के बैंक एकाउण्ट खाली कर लोगों को सायबर ठगी का शिकार बनाते हैं।

# विधानसभा में भूपेश बघेल की आवाज को दबाने के लिए ईडी का छापा, चैतन्य की गिरफ्तारी घोर निंदनीय - संतोष पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने भाजपा सरकार द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विधानसभा में आवाज दबाने के लिए ईडी द्वारा उसके घर में छापा मरवाने व उनके सुपुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने को घोर निंदनीय बताते हुए इस कृत्य की तीव्र निन्दा की है।

नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने आगे कहा कि यह सब कृत्य विधानसभा में पूर्व सीएम के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही विष्णुदेव साय सरकार द्वारा अपने पोल खोलने वाले भूपेश बघेल की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम बघेल ने प्रदेश में जो छत्तीसगढ़िया वाद चलाया उससे भाजपा के लोग डरे हुए हैं और श्री बघेल द्वारा चलाई गई योजना को एक-एक कर बंद कर दिया गया है, जो छत्तीसगढ़ जनता के खिलाफ घोर अन्याय है। प्रदेश की जनता भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार को कभी माफ नहीं करेगी।

श्री पिल्ले ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार रिमोट से चल रही है। पर्दे के पीछे से इसे कोई और चला रहा है। यही वजह है कि प्रदेश हित में कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। महतारी वंदन चलाकर महिलाओं को गुमराह करने का काम किया गया है। महिलाओं के खाते में पैसा नहीं आ रहा और न आवेदन भरवाकर महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जा रहा है। यहां तक कि इस डबल इंजन की सरकार में कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा। इससे यहां की जनता त्रस्त होती जा रही है। बेहतर होगा कि विष्णुदेव साय सरकार, भूपेश बघेल से राजनीतिक दुश्मनी न निभाते हुए छत्तीसगढ़ियापना सीखें और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करें।

# जो होता है, वह कर्मो की वजह से होता है : मुनि वीरभद्र जी

**(चातुर्मासिक प्रवचन)**

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत एवं मुनि विनय कुशल जी के सुशिष्य मुनि वीरभद्र (विराग) ने अपने चातुर्मासिक प्रवचन में कहा है कि कोई भी किसी को पीड़ा या सुख नहीं देता; जीव को जो मिलता है, वह उसके कर्मों की वजह से मिलता है। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान मुनिश्री वीरभद्र (विराग ने यह बात कही।



मुनिश्री ने आगे कहा कि कर्म अच्छे होंगे तो फल अच्छा मिलेगा और कर्म बुरे होंगे तो नतीजा भी बुरा ही निकलेगा। उन्होंने बताया कि पाप और पुण्य साथ-साथ चलते हैं और हमारे कर्म ही इसे तय करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ज्ञानियों की नजर में श्रावक वह होता है, जो वास्तविकता की समझ रखता है। मुनि श्री ने आत्म-जांच पर जोर देते हुए कहा कि अपनी क्षमता जांचने के लिए व्यक्ति को उपवास अवश्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा 'भोजन बिना आप कितने दिन रह सकते हैं, इससे आपकी वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।'

मुनिश्री ने यह भी कहा कि हमने शक्ति प्रदर्शन को भक्ति मान लिया है, जबकि भक्ति भाव से है, शक्ति से नहीं। उन्होंने वर्तमान समय की विधाओं पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वे वास्तविक विधाएं नहीं हैं। मुनि वीरभद्र ने समझाया कि जब तक मानसिकता नहीं सुधरेगी, तब तक परिणाम अच्छे नहीं निकल पाएंगे और आपके भीतर अहो भाव नहीं जागेगा। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने होने का सदुपयोग करें और आत्म-कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ें।

# इंद्रावती भवन के कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू करवाने रैली निकालकर किया प्रदर्शन



रायपुर (दावा)। नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों ने के लिए मोदी की गारंटी लागू करने इंद्रावती भवन में रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किए। कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव के माध्यम से सरकार को 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई को अल्टीमेटम देते हुए मांग शीघ्र पूरा करने की मांग की है। संचालनालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू और फेडरेशन नवा रायपुर के संयोजक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव-2023 के समय प्रदेश के कर्मचारियों के लिये प्रमुख वादे को 'मोदी की गारंटी' के रूप में प्रचार-प्रसार किया गया था। यह प्रचारित किया गया था कि यदि सरकार बनती है तो प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महँगाई भत्ता एवं राहत दिया जायेगा। देय तिथि से लंबित डी.ए.एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जी पी एफ खाते में समायोजित किया जायेगा। अनियमित/संविदा/दैनिक वेतनभोगी/अतिथि शिक्षक इत्यादि संवर्ग का नियमितीकरण किया जायेगा। सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर किया जायेगा। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जायेगा। तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पुलिस कर्मचारियों के आवास हेतु पुलिस कल्याण कोष को सशक्त करेंगे। मितानिन, रसोईया तथा सफाई कर्मी के वेतन में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। फेडरेशन के कहना है कि सरकार ने केवल कमेटियों का गठन किया है। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या मोदी की गारंटी का परीक्षण सरकार द्वारा गठित कमेटी करेगी?

**0 पदाधिकारियों ने रैली उपरांत मुख्यमंत्री के नाम शासन को सौंपा ज्ञापन**
**0 कर्मचारियों को शीघ्र न्याय नहीं मिलने पर 22 अगस्त को कलम बंद-काम बंद आंदोलन की चेतावनी**

फेडरेशन का कहना है कि लिपिकों एवं अन्य संवर्गों के वेतन विसंगति तथा कर्मचारियों के ज्वलंत मुद्दों के निराकरण करने गठित पिंगुआ कमेटी का निष्कर्ष लंबित है। छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारी चार स्तरीय वेतनमान के सेवालाभ से वंचित हैं, जबकि मध्यप्रदेश में मिल रहा है। सहायक शिक्षक तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी त्रिस्तरीय समयमान की स्वीकृति का मामला लंबित है। अनुकंपा नियुक्ति में 10त्न सिलिंग के कारण हजारों प्रकरणों का निराकरण लंबित है। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस पर निर्णय लंबित है। कर्मचारी का भविष्य पेंशन लाभ से जुड़ा बेहद संवेदनशील मामला एन.पी.एस एवं ओ.पी.एस पर सरकार की नीति गलत है। एन.पी.एस कटौती तिथि से ओ.पी.एस हेतु सेवाकाल गणना पर फेडरेशन के सुझाव पर अनिर्णय की स्थिति है। कार्यालयों में स्वीकृत वर्षो पुराने सेटअप पुनरीक्षित नहीं होने से कर्मचारियों पर अत्यधिक वर्कलोड है। सरकार कार्यभारित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण नहीं होने से उनका भविष्य अंधकारमय है। पंचायत सचिवों का शासकीयकरण मामले पर सरकार सिर्फ आश्वासन देकर चुप्पी साध लिया है। फेडरेशन ने तमाम मुद्दों को एकजाई कर 11 सूत्रीय मांग पत्र सरकार को दिया है। यदि सरकार ने समाधान कारक निर्णय नहीं लिया तो 22 अगस्त 25 को कलम बंद-काम बंद हड़ताल होगा। इंद्रावती भवन में प्रदर्शन के दौरान संघ के संरक्षक राम सागर कौशले, श्रीमती जगदीप बजाज, श्रीमती सोनाली तिड़के, संजीत शर्मा, लोकेश वर्मा, बजरंग प्रजापति, सुरेंद्र मार्कण्डेय, राजकुमार सौंधिया, हेमप्रसाद गायकवाड़, अमित शर्मा, हरीश कंवर, अब्दुल जाहिद खान, दिलीप बंजारे, तीजराम वर्मा, चंद्रकांत जायसवाल, देवानंद देहरी सहित भारी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

> न बोलना बड़ी बात है और न चुप रहना बड़ी बात है... मगर कब बोलना और कब चुप रहना इसका विवेक रखना ही बड़ी बात है।

## खतरे में लोकतंत्र-संविधान का बेसुरा राग, विपक्ष के लिए भी हानिकारक

देश में मतदाताओं प्रत्याशियों और दलों की विशाल संख्या चुनावों की बारंबारता प्रक्रियाओं की जटिलता तकनीकी-प्रशासकीय चुनौतियां सांप्रदायिक और लोकतांत्रिक संवेदनशीलता आदि को समायोजित कर अत्यधिक मेहनत से संपन्न की जाने वाली कठिन चुनाव प्रक्रिया पर नेता और राजनीतिक दल एक मिनट में कालिख पोत देते हैं। यह अक्षम्य अपराध है।

भारतीय लोकतंत्र और संविधान प्रारंभ से ही अनेक झंझावातों से गुजरा है। शुरू में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, विभाजन, सांप्रदायिक हिंसा, शरणार्थी-पुनर्वास, औपनिवेशिक मानसिकता, पाकिस्तान एवं चीन विवाद आदि से विदेशी विद्वानों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह जाएगा। भारत की जनता, सरकार और विपक्ष ने उन्हें गलत साबित किया। आज स्थिति विचित्र है।

विपक्षी दल सतारूढ़ भाजपा/राजग को अपदस्थ करने हेतु न केवल उस पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान को ही लांछित करने का प्रयास करते हैं। यह लोकतंत्र के आत्मा पर प्रहार करने जैसा है। संविधान, संवैधानिक संस्थाएं और संवैधानिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र का आत्मा हैं।

विपक्षी दल इन पर लगातार आक्रामक हैं। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। संविधान में संशोधन करने और उसके खतरे में होने में बहुत फर्क है। केशवानंद भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय है कि सरकार/संसद संविधान में बदलाव या संशोधन तो कर सकती है, लेकिन संविधान केच्मूल-ढांचेज् में कोई परिवर्तन नहीं कर सकती।

जो नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। इसमें सभी दलों के नेता शामिल हैं। साफ है कि किसी के भी द्वारा संविधान नष्ट या उसके खतरे में होने और लोकतंत्र के लिए संकट खड़े हो जाने की बात करना भ्रम फैलाना और संविधान की अस्मिता पर आक्रमण जैसा है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कई बार संविधान को केवल बदलने का ही नहीं, वरन नष्ट करने का भी प्रयास किया।

1959 में प्रधानमंत्री नेहरू ने केरल में नंबूदरीपाद की निर्वाचित वामपंथी सरकार को अकारण भंग कर अनुच्छेद 356 का मनमाना इस्तेमाल किया। जून 1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत च्आंतरिक अशांतिज् के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को च्मीसाज् और च्डीआइआरज् जैसे कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। इनमें च्अपील, दलील और वकीलज् का प्रविधान ही न था।

अनेक दलों के नेता, जिन्हें कांग्रेस ने आपातकाल में जेलों में ठूंस दिया था, वे भी मोदी विरोध के चलते आज उसी कांग्रेस के साथ खड़े दिखते हैं। आपातकाल में अखबारों पर च्सेंसरशिपज् लगा दी गई थी। उसी दौरान कांग्रेस ने 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में कुछ बड़े बदलाव किए और ऐसे प्रविधान जोड़े, जिसे संविधान-निर्माताओं ने अस्वीकार कर दिया था। इंदिरा गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय तक को नहीं छोड़ा और तीन वरिष्ठ न्यायमूर्तियों की उपेक्षा कर न्यायमूर्ति एएन रे को मुख्य न्यायाधीश बना दिया था।

विपक्ष काफी समय से संवैधानिक संस्थाओं और खासकर चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है। चूंकि चुनाव ही सत्ता की सीढ़ी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में परास्त होने और अनेक राज्यों में अप्रासंगिक होने से चुनाव आयोग पर आरोप तथा लांछन लगाना विपक्ष के लिए काफी आसान हो गया है। कभी वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों और निर्णयों पर अंगुली उठाता है, कभी उसे भाजपा के इशारे पर काम करने वाला बताता है, कभी ईवीएम, मतदाता सूची में अनियमितता, डाटा देने में विलंब, दलीय पक्षपात आदि का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग की छवि नष्ट करने का प्रयास करता है।

अनेक राज्यों में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियों ने फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है। यह लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि केवल भारतीय नागरिकों को ही मत देने का अधिकार है। चुनाव आयोग ने इस पर अपना रुख सख्त करते हुए सभी राज्यों में च्मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षणज् का निर्णय लिया है। बिहार में वह ऐसे लोगों की पहचान संबंधी पहल कर चुका है, पर विपक्ष को इस पर आपत्ति है और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी। न्यायालय ने आयोग की इस कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। देखना है कि न्यायालय इस पर क्या अंतिम निर्णय लेता है?

राहुल गांधी तो विदेश में भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते रहे हैं। गत अप्रैल में उन्होंने अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में भारतीय चुनाव प्रणाली पर च्गंभीर अनियमितताओंज् का आरोप लगाया और विशेष रूप से महाराष्ट्र में मतदाता सूची में अनियमितताओं का जिक्र किया। जब नेता-प्रतिपक्ष ही लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर विदेश में ऐसे अनर्गल आरोप लगाएगा, तो न केवल भारतीय लोकतंत्र की वैश्विक छवि खराब होगी, वरन जनता के मन में भी शंका उत्पन्न होगी। देश में मतदाताओं, प्रत्याशियों और दलों की विशाल संख्या, चुनावों की बारंबारता, प्रक्रियाओं की जटिलता, तकनीकी-प्रशासकीय चुनौतियां, सांप्रदायिक और लोकतांत्रिक संवेदनशीलता आदि को समायोजित कर अत्यधिक मेहनत से संपन्न की जाने वाली कठिन चुनाव प्रक्रिया पर नेता और राजनीतिक दल एक मिनट में कालिख पोत देते हैं।


# किडनी की बीमारी अब युवाओं पर पड़ रही भारी, बढ़ते मामले चिंता का कारण




डॉ. नवीन राम दारुका   डॉ. आर.के. साहू

**राजनांदगांव (दावा)। किडनी की बीमारियाँ अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गई। बदलती जीवनशैली, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण, किडनी की समस्या अब युवाओं में भी तेजी से बढ़ रही है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. साहू का कहना है कि 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के लोग अब इस गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है। डॉ साहू ने बताया कि किडनी फेल होना दुनिया में मौत का 17 वां और भारत में 8 वां सबसे बड़ा कारण है ।**

**WHO की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 2 लाख से ज्यादा लोग किडनी फेल होने के शिकार होते हैं। केवल 5 हजार लोग ही ट्रांसप्लांट करवा पाते है , क्योंकि भारत में ऑर्गन डोनेशन के बारे में जानकारी का अभाव और कम डोनर होने की वजह से किडनी, ट्रांसप्लांट के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रही है। देश में हर साल किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारियों के 2 लाख से ज्यादा मामले सामने आते हैं।**




युवाओं में किडनी की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण ग्लोमरूनेफ्राइटिस नामक बीमारी, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर हैं। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, देश में किडनी की बीमारी के मामले पिछले कुछ वर्षों में 50 प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं, और इसमें युवाओं का प्रतिशत भी चिंताजनक रूप से बढ़ा है, अकेले आरोग्यम अस्पताल में होने वाले लगभग 1800 डायलिसिस प्रतिमाह में 45 प्रतिशत युवा होते है। अधिकतर मामलों में किडनी की बीमारी का कारण अनहेल्दी डाइट, कम शारीरिक श्रम और मानसिक तनाव है। विशेषज्ञों के अनुसार, खासकर सोडियम (नमक), चीनी और तली-भुनी चीज़ों का अत्यधिक सेवन युवाओं को किडनी के रोग का शिकार बना रहा है।

### किडनी फेल्योर और डायलिसिस की समस्या

अचानक से बढ़ते किडनी फेल्योर के मामलों ने चिंता का माहौल बना दिया है। डायलिसिस की आवश्यकता अब केवल बुजुर्गों में ही नहीं, बल्कि युवाओं में भी देखी जा रही है। किडनी रोग की शुरुआत में होने वाली समस्या जैसे कि हाई ब्लड प्रेशर और शुगर को नजरअंदाज करने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

डॉक्टरों का मानना है कि अगर इन शुरुआती लक्षणों का समय पर इलाज किया जाए तो किडनी की बीमारी को रोका जा सकता है।

### किडनी की बीमारियों के प्रमुख लक्षण

1. सूजन होना,
2. रात में अत्यधिक पेशाब होना,
3. बार बार पेशाब लगना
4. ब्लड प्रेशर संबंधी बीमारी
5. भूख न लगना
6. सांस फूलना इत्यादि प्रमुख है,

### किडनी की बीमारी के बढ़ते कारण

**1. गलत खानपान :** अत्यधिक पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन युवाओं में बढ़ रहा है, जिसमें सोडियम, शक्कर और वसा की मात्रा अधिक होती है।

**2. कम शारीरिक गतिविधि :** ज्यादातर युवा अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम को नजरअंदाज कर रहे हैं। लंबे समय तक बैठने और स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है।

**3. तनाव और अनिद्रा :** मानसिक तनाव और अनियमित नींद भी किडनी की समस्या को बढ़ाते हैं।

**4. दवाओं का अधिक सेवन :** बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक और अन्य दवाओं का अत्यधिक सेवन किडनी पर दुष्प्रभाव डाल सकता है।

किडनी की बीमारियों में उच्च जोखिम वाले मरीज

1. जिन्हें मधुमेह की समस्या हो
2. अत्यधिक तनाव
3. आनुवंशिक किडनी रोग
4. मोटापा
5. दर्द की दवाईयां ज्यादा समय तक लेने वाले मरीजों में किडनी रोगों के होने की सर्वाधिक संभावना होती है

### विशेषज्ञों की सलाह :

- नियमित रूप से रक्त परीक्षण और किडनी फंक्शन टेस्ट कराना चाहिए, ताकि बीमारी का शुरुआती दौर में ही पता चल सके।
- ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, पानी और कम नमक वाली डाइट को प्राथमिकता दें।
- शारीरिक गतिविधियों और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।
- तनाव को कम करने के लिए ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

आरोग्यम अस्पताल के किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ नवीन राम दारुका का कहना है कि शुरू में जब किडनी की बीमारी होती है तो इसके लक्षणों को पहचानना मुश्किल होता है। यही कारण है कि अक्सर इन बीमारियों का इलाज समय पर नहीं हो पाता। साथ ही, बीमारी के लक्षण बहुत साफ नहीं होते। ये लक्षण ब्लड प्रेशर या डायबीटीज के कारण भी हो सकते हैं, ऐसे में किडनी रोगों के लक्षण साफ न होने के कारण अक्सर मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

डॉ दारुका ने कहा कि आज युवाओं में रेनल फेलियर यानी किडनी फेल के मामले तेजी से ब? रहे हैं। ऐसा पॉलीसिस्टिक किडनी सिंड्रोम के कारण होता है, जो एक आनुवांशिक किडनी की बीमारी है और यह किडनी फेल का कारण बन सकता है। डायबीटीज और ब्लड प्रेशर के मामले में इलाज में देरी भी किडनी फेल का कारण बन सकती है। ऐसे मामलों में ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। 60 फीसदी युवा मरीजों में किडनी की बीमारी का इलाज उस समय होता है, जब बीमारी अंतिम अवस्था में पहुंच चुकी होती है और ऐसे में सिर्फ किडनी ट्रांसप्लांट या डायलिसिस का विकल्प ही बचा रहा जाता है।

किडनी की बीमारी अब युवाओं के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। अगर समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में यह समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए युवाओं को अपनी जीवनशैली में सुधार करना और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी है।

**- आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

## विचार सरिता

# ज़रा हटके: जहाँ मन मिले, वहीं मित्रता है

**योगेंद्र कुमार पांडेय**



मित्रता शब्द एक ऐसा शब्द है, जो सभी रिश्तों-नातों और संबंधों के बीच एक विशेष स्थान रखता है। अन्य सभी संबंधों की एक सीमारेखा या आचरण संहिता होती है, लेकिन मित्रता अपनी कोई सीमा रेखा खींचने के स्थान पर सीमाविहीन होती है।

पति-पत्नी, माता-पिता, भाई-बहन या अन्य संबंधियों से व्यवहार में एक लोकाचार, स्थापित परंपरा और मान्य शिष्टाचार का पालन करना होता है। मित्रता में यह बंधन नहीं है। मित्र से आप अपने हृदय की बात कर सकते हैं और इसमें यह नहीं होता कि ''यह बात कैसे करें?'' मित्रता बिना धर्म, जाति, भाषा, लिंग, धनसंपदा आदि के भेद के होती है। उदाहरण के लिए जहाँ किसी संस्था में सामूहिकता या टीमवर्क की भावना से काम कर रहे होते हैं, वहाँ मित्रता अंतर्निहित होती है। मित्रता का दूसरा नाम परस्पर सौहार्द्र और सद्भावना भी है। वही परिवार सफल होता है, जहाँ आपसी सामंजस्य होता है और दादी-दादा से लेकर बेटे-बहू और पोते-पोतियों में संबंधों की मर्यादा को निभाते हुए भी एक मित्रवत भाव होता है। जहाँ बिना डर और संकोच के हर व्यक्ति अपनी बात रख सकता है और जहाँ कृत्रिम गंभीरता और अधिनायकवादी रवैये के स्थान पर आपसी सामंजस्य और मुस्कुराहट बिखरी रहती है।

मित्रता के लिए समान विचारों का भी मिलना आवश्यक नहीं है। मतभेद के साथ भी मित्रता हो सकती है। अगर मनभेद न हो, तो असहमति के बाद भी आगे बढ़ा जा सकता है। मित्रता केवल व्यक्तियों से नहीं होती। सदविचार भी मित्र का काम करते हैं। कहा भी गया है,

विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।
व्याधितस्यौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।

विदेश में विद्या मित्र है, घर में भार्या मित्र है, रोगी के लिए औषधि मित्र है, मरने वाले का मित्र धर्म अर्थात उसके अच्छे कार्य हैं। हम याद रखें, जहाँ मन मिलते हैं, वहाँ मित्रता है।

## लघु कथा

### सावन मनभावन

सावन बरसा ऋतु के सुग्घर महीना आय। साल के बारा महीना मा तीन परमुख ऋतु - बरसा, सरदी अउ गरमी हे। येहर चार-चार महीना मा तीन भाग म बटे हे जेला चउमास केहे जाथे।

अलग- अलग मउसम (ऋतु) के अलगे - अलग महत्ता हे। कोनो भी मउसम के पहिली महीना बड़ सुहावन होथे, काबर कि मइनखे मन ला एकर बड़ अगोरा रहिथे। ''सा + वन =सावन'' बन जंगल के समान भुइयाँ मा हरियाली छा जाना सावन आय।

सावन महीना के नाँव ले हिन्दी अउ छतीसगढ़ी मा अब्बड़ अकन गाना बने हे। जेकर ले सावन महीना अउ मनभावन होय लगथे। जइसन मउसम वइसनेच गीत ल सुनके मन हर गजब गदक जाथे। बरसा ऋतु ले पहिली गरमी ऋतु आथे। भुइयाँ हर सुरुज नरायण के ताप ले तपे लगथे।

जइसे सिक्का के दू बाखा हे, वइसने मइनखे मा नर अउ मादा हे। बिना नर - मादा के तीसर जीव पईदा होबे नई कर सके। वइसने भुइयाँ अउ अगास के बिना सिरिस्टी के कोनो अवचित्य नई हे। भुइयाँ हर जब बिकराल गरमी ले तीप जाथे तेकर पाछू अगास हर ऊपर ले पानी बरसाथे। जब पानी बरसथे तेकर कुछ दिन बाद भुइयाँ मा नवा - नवा जीव जंतु मन जनमथे। तेकर सेती भुइयाँ ल दाई अउ अगास ल ददा कहे जाथे।

परकिरति म अतेर सकती हाबे कि वोहर कोनो ल बिगाड़ सकथे त कोनो ल बना घलोक सकथे। सबो जीव सब्बो मउसम म पईदा नई होवय। कुतिया हर जड़काला के मउसम मा जनमथे, कीरा मकोरा, सांप, बिच्छ, मेचकामन बरसात म जनमथे अउ गरमी मा बेंदरा, सुवा जइसन चिरई चिरगुन हर अपन सही नवा जीव ला पईदा करथे।

सावन महीना मा पियासे सुख्खा नदिया, नरवा, ढोरगी मन पल्ला मार के दउड़े लागथे, खोंचका, डबरा, तरिया, नदिया, कुआँ - बउली मा पानी लबालब भरा जाथे। सावन महीना भुइयाँ के सिंगार करे के महीना आय, येकर पहिली असाढ़ महीना हर सावन ला कुछ बरसा करके संदेस पठो देथे, अब तोर पारी अवइय्या हे।

गरमी मा गरभधारण करे अधिकांश जीव - जंतु पिला फोर के अपन लइका लोग संग मेंछरावत खेतखार गली-खोर म दिखे लगथे। किसान के असाढ़ मा बोए धान, कोदो कुटकी संग आन जिनिस भुइयाँ ले बाहिर निकलके झाँकत हरियाय लगथे। ये सबला देखेके अइसे लगथे जानो- मानो भुइयाँ हर नवा नेवरनिन दुल्हीन कस सज संवर के खड़े हे।

सावन महीना ले किसान के छोटे - बड़े तीज -तिहार ओरी - पारी, संघरे लगथे। अपन खेती किसानी के संग तिहार मनावत लइका-सियान मन खेत खलियान मा काम - बुता के संगे - संग आँचलिक लोक गीत सुवा, करमा, रेला, ददरिया, ला सुग्घर राग धरके गावत रहिथे।

आखिर म ये कहे जा सकथे कि ङ्कसावन महीना मइनखे के संगे - संग जीव -जंतु, पशु - पंछी, रुख - राई मन बर नवा जिनगी जीए खातिर सुख्खा कटोरा मा हँसी खुशी के दूध - दही अउ मंदरस के रस ल ढार देथे।



**मदन मंडावी (प्रधानपाठक)**
**ग्राम - ढारा (करेला)**
**डोंगरगढ़, राजनांदगांव।**

## सामयिक चर्चा

### अपनी-अपनी खुशी की खबर

गृहस्थ गिरधारी की ओर देखकर,
बानी बोले - ''सुनिए आज आप
महंगाई कम होने की खुशी की खबर -
पेट्रोल डीजल जल्द होगा सस्ता।
कीमतों में होगी भारी कटौती।
सरकार ने ऐसा बड़ा बयान दिया है।''
गिरधारी ने कहा- पर बानी भाई !
सरकार के इस बयान की खबर ने
हमें खुश नहीं किया है।
हमारे पास तो यार!
न स्कूटर है, न बाइक और न कार।
हमें पेट्रोल-डीजल से
कोई मतलब नहीं है।
हॉ! पर यार बात सही है
कि हमारे घर में है रसोई घर ।
तो हमे तब खुशी होगी
जब कम होगी कीमत
रसोई गैस सिलेण्डर ।''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''ठीक कहते हो गिरधारी भाई!
बानी! देखो! एक खबर, सबके लिए
खुशी की खबर नहीं होती हैं।
भारी भरकम काम पाने की खबर से
ठेकेदार को खुशी होती है
और बीस रूपये में
राम रसोई में, भरपेट भोजन की
खबर से मजदूर को खुशी होती है।''



**-गिरीश बख्शी**

## (कविता)

### चूर-चूर घमंड

बादल सा
उड़ रहा था,
पहाड़ों से,
टकराकर।
चूर-चूर हो गया,
मेरा घमंड,
बिखर गया
टूट टूट कर।।
मगर,
जमीं की बुझी प्यास,
नदी के दो पार मिले,
खेतों के फासले,
समंदर उछलकर,
गहरा हो गया।।
पंछी चहकने लगे,
यौवन बहकने लगा,
मौसम रंगीन हुआ,
सूखा वो पहाड़,
हरा-भरा हो गया।।
बादल सा,
मेरा घुमना,
न हुआ बेकार,
क्योंकि,
मेरे दिल में था,
जगती के लिए प्यार।।
माना कि,
विशाल नभ के,
कोने में,
सिमट गया,
उमड़ा कल था,
आज मिट गया।
न नाम, न पहचान,
जल न जल भया।।
बादल था कभी,
कई रूपों में बदल गया।।

**शंकर शरण**
**सेवानिवृत्त प्राचार्य**
**जादुटोला, डोंगरगांव**




## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपको बिजनेस में बढ़िया धनलाभ होने के संकेत मिल रहे हैं। इस राशि की जिन महिलाओं को बिजनेस शुरू करना है, उनको घरवालों का पूरा साथ मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा, आप कहीं घूमने ङ्क फिरने जा सकते हैं। छात्रों को आज बाहर जाकर पढ़ने का मौका मिलेगा।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप बिजनेस के मामलों में सोच ङ्क समझकर ही निर्णय लेंगे। आज ऑफिस का काम समय पर पूरा हो जाने से आपके मन को शांति मिलेगी और आप नए टारगेट बनाएंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलने से पढ़ने में सहायता मिलेगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जो आपकी तरक्की में सहायक होंगे। छात्र आज अपने अटके कार्य को पूरा करने में सफल रहेंगे। अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे हैं तो आज आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। आज आप अपने किसी दोस्त की आर्थिक मदद करेंगे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा, काम में पेरेंट्स का सहयोग मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। आज आपको बच्चों की सफलता से खुशी मिलेगी और बच्चों में भी आत्मविश्वास बना रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने भी जा सकते।

**सिंह** — आज आपका दिन सुनहरा रहने वाला है। आज आलस्य को त्याग कर कुछ नया करने का दिन है। इस राशि के जो लोग सामाजिक सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा और आपको कुछ बड़ा करने की प्रेरणा मिलेगी। काफी दिनों से चल रही पारिवारिक उलझन, आज ख़त्म हो जाएगी। परिवार में खुशियां आएंगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी बड़ी योजना पर काम करने का सुझाव अपने माता-पिता के सामने रखेंगे, उनका आपको पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर है कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन खुशी के पल लेकर आया है। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज नए प्रोजेक्ट पर काम करने की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। आप किसी जरूरतमंद की सहायता करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग खेलकूद से जुड़े हैं, उनको आज अपने कोच से कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन बना रहेगा। आज आपके विवेक से आपका रुका हुआ कोई काम बन जायेगा। ऑफिस का माहौल सुकून भरा रहने से काम करने के तरीकों में सुधार होगा। आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा, रिश्तों में मधुरता आएगी। अपना खान-पान ठीक रखें।

**धनु** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। अगर आप अपने बिजनेस से जुड़ी नयी ब्रांच ओपन करना चाहते हैं, तो घर वालों से इस विषय में बात कर सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलने के बाद दुनिया को देखने का आपका दृष्टिकोण बदल जायेगा। समय निकालकर परिजनों के साथ कुछ समय बिताएंगे।

**मकर** — आज का दिन मिली ङ्क जुली प्रतिक्रिया देने वाला होगा। आज किसी काम की वजह से यात्रा करनी पड़ सकती है, जिसके अच्छे रिजल्ट आपको भविष्य में देखने को मिलेंगे। आज किसी की मदद से आपके सरकारी काम बनेंगे। इस राशि की महिलाएं जो घर से किसी काम की शुरुआत करना चाहती है, उनको जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी आवश्यक काम को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप किसी से अपने मन की बात शेयर करेंगे वह आपकी बात को जरूर समझेगा। सामाजिक या धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा, आपके मन मुताबिक़ कार्यसंपन्न होंगे।

**मीन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, घर में सुख ङ्क सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। आज पूरी मेहनत व एकाग्रता से काम को करने का समय है, आपके काम में जल्द ही सफलता के योग बन रहे हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने से, आज आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का 'बिजली न्याय आंदोलन

छुरिया (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश में छुरिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बिजली कार्यालय घेराव का कार्यक्रम छुरिया एवं गैंदाटोला में रखा गया था। यह कार्यक्रम भाजपा सरकार के द्वारा लगातार बढ़ाए जा रहे बिजली बिल के दर के विरोध में रखा गया था।

ज्ञात हो कि भाजपा सरकार द्वारा चौथी बार फिर आम जनता के जेब से डाका डालने का प्रयास करते हुए बिजली के दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दिया है। जिसके तहत घरेलू उपभोक्ताओ के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट और गैर घरेलू उपभोक्ता के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ-साथ किसानों के कृषि विद्युत दर में भी 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। जिससे आम जनता व किसानों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने आम जनता व किसानों को न्याय दिलाने व बिजली दर में की गई बढ़ोतरी को वापस लिए जाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में बिजली न्याय आंदोलन किए जाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत यह कार्यक्रम छुरिया ब्लाक में किया गया था।



**बिजली कार्यालय घेराव में कांग्रेसियों ने दिखाए जबरदस्त दम**

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू सम्मिलित होने पहुंचे थे। इन नेताओं के नेतृत्व में छुरिया ब्लाक के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने छुरिया नगर एवं गैंदाटोला में रैली निकालकर जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचे। वहां भी जमकर नारेबाजी की। भाजपा सरकार को जमकर कोसा और संबंधित अधिकारी को लगातार बढ़ाई जा रहे बिजली दर को कम करने एवं बिजली कटौती बंद करने के लिए राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू एवं विपिन यादव, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, सूर्यकुमार खिलाड़ी, प्रकाश शर्मा, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रिका वर्मा, खुज्जी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मंडलोई, जनपद सदस्य सीमा यादव, विधायक प्रतिनिधि रवि साहू, पार्षद सोनू खान, पुष्पा सिन्हा, पूरन नेताम, पूर्व एल्डरमैन शकील कुरैशी, अकील मेमन, एकनाथ सिन्हा, अमित अग्रवाल, डिमेश हिरवानी, रोशन रजक, वसीम कुरैशी, राधेश्याम ठाकुर, भीखम देवांगन, राजू सिंह राजपूत, डिमेश हिरवानी, ललित साहू, महानंद खोबरागड़े, कुलदीप साहू, विजय साहू, मेश्राम साहू, सोमनाथ विश्वकर्मा, धम्ममन सिंह साहू, राजिल कुरैशी, भुनेश्वरी साहू, शिवकुमार साहू, कालेश्वर साहू, रामसुख पटेल सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस के 'बिजली न्याय आंदोलन' के तहत गैंदाटोला स्थित बिजली कार्यालय के घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है। जानकारी के अनुसार घेराव की पूर्व सूचना थाना और बिजली विभाग को दिए जाने के बावजूद दोनों विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सुरक्षा में बड़ी चूक करते हुए प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों को सब स्टेशन के अंदर बिजली ट्रांसफार्मर के बेहद करीब तक पहुंचने दिया। घटनास्थल पर किसी भी तरह के बैरिकेड्स की व्यवस्था नहीं की गई थी। जिसके कारण बेकाबू भीड़ सीधे सब स्टेशन के भीतर खतरनाक ट्रांसफार्मर के पास तक जा पहुंची। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं द्वारा आपत्ति जताने के बाद, आनन-फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सब स्टेशन की बिजली सप्लाई बंद की। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारी भीड़ को नियंत्रित करने में पूरी तरह असमर्थ दिखे। जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बन गई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान परिसर में बैठकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का गायन भी किया।

## नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण : जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने किया उद्घाटन



डोंगरगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टप्पा के आश्रित ग्राम गाताटोला में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का आज लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर और मां सरस्वती के शैलचित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद, उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने ग्रामवासियों को इस स्वर्णिम क्षण की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस गरिमामय अवसर पर ग्राम पंचायत टप्पा की सरपंच लोकेश्वरी सिन्हा, ग्राम पंचायत आरी की सरपंच सोनम निषाद, शासकीय प्राथमिक शाला गाताटोला के प्रधानपाठक प्यारेलाल साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित ग्राम गाताटोला के समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### उदेराम साहू बने प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिले के प्रखर किसान नेता उदेराम साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र के किसानों और उनके समर्थकों में अपार हर्ष व्याप्त है।

प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा 2 जुलाई को जारी पत्र के माध्यम से इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। उल्लेखनीय है कि उदेराम साहू वर्तमान में जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं और लंबे समय से किसानों की समस्याओं को लेकर सक्रिय रूप से संघर्षरत हैं।

महासचिव पद की जिम्मेदारी मिलने पर उदेराम साहू ने प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों की आवाज को और मजबूती से उठाते रहेंगे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे।

### अथक प्रयास से गाय के बछड़े का जान बचा

घुमका (दावा)। 13 जुलाई को एक गाय के बछड़े को कुत्तों के द्वारा आक्रमण कर किया गया कुछ राहगीर के द्वारा छुड़ाकर पशु चिकित्सक घुमका डॉ. एम.आर. रावटे वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी को सूचना देकर बाजार चौक घुमका बुलाकर घायल बछड़े का पता नहीं चल पा रहा है कि वह गांव का है या बाहर गांव से आयाा। जब तक पुरी तरह बछड़ा स्वस्थ नहीं हो जाता तब तक उसका वही निःशुल्क सेवा कर बचाया जानाहै। मुक पशु का सेवा करना जरूरी है क्यों कि वह भी एक प्राणी है डॉ. एस. आर. रावटे ने कहा कि ऐसी परिस्थिति कही भी पशु को स्थिति दिखता है तो तुरंत विभाग को सूचना दें ताकि समय पर इलाज/ उपचार किया जा सके।

### शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में व्यास पूजा



**गुरु-शिष्य परंपरा को किया गया नमन**

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर के निर्देशानुसार व्यास पूजा का आयोजन किया गया। यह आयोजन महर्षि वेदव्यास को समर्पित था। जिनका जन्म आषाढ़ पूर्णिमा को हुआ था। इसी उपलक्ष्य में यह दिवस गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीक रूप में मनाया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक मनोहर बोकडे ने व्यास पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि महर्षि वेदव्यास न केवल महान विद्वान थे, बल्कि उन्होंने भारतीय संस्कृति को एक सशक्त दिशा दी। डॉ. हेमलता गायकवाड़ ने भारतीय संस्कृति में गुरुओं की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि प्राचीन काल में शिष्य अपने गुरु के मार्गदर्शन में जीवन निर्माण करते थे।

प्राचार्य डॉ. आर.के. ठाकुर ने श्रीराम और गुरु वशिष्ठ तथा एकलव्य और गुरु द्रोणाचार्य जैसे प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज भी गुरु की भूमिका उतनी ही आवश्यक है जितनी प्राचीन काल में थी। गुरुओं के बताए मार्ग पर चलकर शिष्य न केवल व्यावहारिक और सामाजिक गुणों से संपन्न होता है, बल्कि उसका जीवन भी सुखमय और समृद्ध बनता है। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अरुण कुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं स्वयंसेवक दृ रीना सलामे, सुश्री सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, गुत्तेश्वर ध्रुव, मनसा राम चंद्रवंशी, गौतम रगड़े, हेमप्रकाश, हिरेंद्र तिलक सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कल लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 2 जून को बुलाई गई थी, जिसमें संघ प्रतिनिधि मंडल बैठक में शामिल होकर सात सूत्रीय एजेंडा कलेक्टर को चर्चा के लिए दिया गया, जिसमें दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को नियमित वेतनमान देने ईपीएफ खाते की कटौती साप्ताहिक अवकाश पदोन्नति समयमान वेतन सहित अन्य मुद्दे थे सभी मुद्दों पर बैठक में चर्चा हुई थी। अभी हाल ही में कलेक्टर के द्वारा संघ को परिपत्र जारी किया गया है जिसमें सभी मुद्दों को जिला स्तर के सर्व विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देश जारी कर दिया गया है जिसकी सूचना संघ को दी गई है। संघ के पास परिपत्र की एक प्रति उपलब्ध है, जिसमें उक्त सभी एजेंडा शामिल है। सभी साथियों को सूचित किया जा रहा है कि परामर्श यात्री समिति की कार्रवाई विवरण परिपत्र प्राप्त होने के पश्चात संघ के सभी विभागीय समिति जिला तहसील ब्लॉक के कर्मचारियों की बैठक दिनांक 20 जुलाई को आयोजित की गई है ।

## चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, ईडी का पुतला फूंका



खैरागढ़ (दावा)। राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को शुक्रवार को उनके जन्मदिन के ही दिन ईडी के द्वारा की गई गिरफ्तारी को लेकर पूरे प्रदेश भर में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए,इसे भाजपा के केन्द्र सरकार की तानाशाही, हताश-निराश और परेशान करार देते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को खैरागढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की मनमानी और तानाशाही के विरोध में अंबेडकर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) का पुतला भी जलाया और इसे भाजपा सरकार की प्रतिशोध की राजनीति करार दिया। प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों का आरोप था कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चैतन्य बघेल को रिहा करो, ईडी वापस जाओ और भाजपा सरकार की तानाशाही नहीं चलेगी, नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन उस समय उग्र हो गया जब पुलिस ने कार्यकर्ताओं को मुख्य मार्ग से हटाने की कोशिश की और पुतले को छिनने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमा झटकी हुई, हालांकि स्थिति को पुलिस ने तत्परता से नियंत्रित कर लिया और जलते पुतले को कब्जे में ले लिया। पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, दिलीप लहरें, विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', युंका नेता राजा सोलंकी, दयाराम पटेल, रत्नेश सारथी, शिवम यादव, सत्यम सारथी, रतन सिंघी, कोमल वर्मा, लक्की सारथी, बट्टा एस के और सुहैल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

**अंबेडकर चौक पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा ईडी का पुतला दहन कर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की**

## कल जल संसाधन विभाग की उपअभियंता परीक्षा, दो घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं), रायपुर द्वारा जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा (डब्ल्यूआरएस-25) का आयोजन 20 जुलाई रविवार को किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट 14ड्डश्चड्डद्व.ष्द्दद्मह्लड्डह्लद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ से अपने प्रोफाइल में लॉगिन कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक पर क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त करने की सुविधा दी गई है।

### परीक्षा के दिन अनिवार्य रूप से दो घंटे पहले पहुंचें

परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। यह इसलिए है ताकि पहचान पत्र से सत्यापन और फ्रिस्किंग (तलाशी) की प्रक्रिया पूरी की जा सके। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले, यानी सुबह 9:45 बजे, परीक्षा केंद्र का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। इस समय के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### प्रवेश पत्र डाक से नहीं भेजे जाएंगे

व्यापम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परीक्षार्थी को डाक द्वारा प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे। परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर परीक्षार्थी व्यापम के हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 अथवा मोबाइल नंबर 8269801982 पर सुबह 10 से शाम 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र साथ लाना होगा। इसमें मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय/कॉलेज का फोटोयुक्त परिचय पत्र या अंकसूची शामिल हैं। फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी।

परीक्षा के दिन हल्के रंग के आधी बाजू वाले कपड़े पहनकर आएं। केवल चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करें। कान में कोई भी आभूषण पहनना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा शुरू होने के पहले आधा घंटा और समाप्ति के अंतिम आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना पूर्णतः वर्जित है। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी, पाउच, संचार उपकरण या अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु ले जाना पूरी तरह वर्जित है।

## हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुई पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव



राजनांदगांव (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्यअतिथि समाज सेविका एवं पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव की उपस्थिति रही। साथ में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जामुन बाई साहू एवं युनिसेफ जिला समन्वयक विनोद कुमार टेम्बुरकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव, प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों द्वारा किया गया। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में तकलीफों, संघर्षों से अवगत कराते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन को गढना आवश्यक हैं। कोई भी व्यक्ति किसी चीज के अभाव में सफलता प्राप्त नहीं करता बल्कि वह उसके लिए सही प्रयास न करने के कारण असफल होता हैं। अतः परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, सही लक्ष्य निर्धारित कर अगर जूनुन और जज्बा के साथ कर्म करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है। जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर उन्होंने बताया कि जल है तो कल है, यह यूं ही नही कहा जाता। यह जल का महत्व दर्शाता है कि पानी हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है और इसलिए जल का संरक्षण भी आवश्यक है। पृथ्वी पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी अनिवार्य है। हम खाना के बिना तो कुछ दिनों तक जिंदा रह सकते हैं, लेकिन पानी के बिना तीन दिन से अधिक जिंदा नहीं रह सकते है।

यदि हम जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे और आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ित रहेगी। इसी उद्बोधन की कड़ी में ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती जामुन बाई साहू एवं जिला समन्वयक युनिसेफ से विनोद कुमार टेम्बुरकर ने जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर अपने-अपने विचार रखे। पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव, समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता से विद्यालय में वृक्षारोपण कर उसकी सुरक्षा हेतु शपथ भी लिया गया। विद्यालय से युथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक एवं कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता ने बताया कि पृथ्वी के सभी जीवों के लिए जल एक बहुमूल्य सम्पदा हैं। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं। भविष्य में जल की समस्या को सुलझाने के लिए जल संरक्षण पर कार्य करना नितांत आवश्यक हैं। इस कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण में उत्कृष्ट कार्य हेतु थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेन्द्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिल्हारे, पालक राम वर्मा, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चन्द्राकर, सुश्री हेमिन ठाकुर, दानेश्वर कुमार साहू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य अशीम कुमार यदु के द्वारा किया गया।

## रिंकू के कब्जे से 17 पौवे गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी जप्त







डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के आदेश पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों/तस्करों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में दिनांक 18 जुलाई को डोंगरगढ़ पुलिस आरोपी योगेश नेताम पिता राजकुमार नेताम उम्र 26 निवासी लेंडीजोब वार्ड नबर 18 बीचपारा थाना डोंगरगढ़ को चौथना थाना मोड़ शमशान घाट के पास जेल रोड़ डोंगरगढ़ के पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी मे रखे 17 पौवा शोले देशी मसाला शराब मात्रा 3.060 बल्क लीटर किमती 1700 रूपये व रिंकू सेन पिता राम किशोर सेन उम्र 28 साल निवासी ग्राम डाबा वार्ड नंबर 06 पुलिस चौकी तुमड़ीबोड को पुराना नेहरू कालेज के पास से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 17 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब कीमती 2024 रूपये जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 364/2025, 365/2025, धारा- 34 (1) आबकारी एक्ट के कार्यवाही किया गया है।

## अखंड ज्योति रथ का आज डोंगरगांव आगमन : नगर भ्रमण और दीपयज्ञ का आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आया हुआ अखंड ज्योति रथ का आज शनिवार 19 जुलाई को डोंगरगांव में भव्य आगमन होगा। यह रथ सुबह से नगर के विभिन्न गली-मुहल्लों और वार्डों में भ्रमण करेगा। जहां श्रद्धालु जगह-जगह इसके दर्शन और पूजन कर सकेंगे।

शांतकुंज हरिद्वार में पिछले 100 वर्षों से प्रज्जवलित इस अखंड ज्योति रथ यात्रा का भ्रमण देश के कोने-कोने में हो रहा है। आगामी 2026 में गायत्री मिशन की परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष है और इसी निमित्त देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। यह रथ यात्रा इन्हीं सभी कार्यक्रमों का संदेश देने और मानव में देवत्व के उदय, युग निर्माण योजना तथा विचार क्रांति की अलख जगाने के लिए भ्रमण कर रही है। ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जनजागृति का संदेश देने के बाद आज सुबह 9 बजे से यह रथ डोंगरगांव नगर में प्रवेश करेगा।

रथयात्रा के जिला प्रभारी जयप्रकाश सिन्हा ने बताया कि रथ नगर के मोंगरा कॉलोनी, स्टेट हाईवे, पुराना थाना रोड, किल्लापारा, सदर लाइन, चौकी रोड, सेवताटोला, सिनेमा लाइन, मटिया, साकेत धाम, ब्लॉक कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। उन्होंने बताया कि दिन भर भ्रमण के बाद रथ का विश्राम स्थानीय गायत्री मंदिर में होगा। अगले दिन रविवार 20 जुलाई को सुबह यह रथ आसपास के कुछ ग्रामों में भ्रमण के लिए रवाना होगा। रथ के साथ विगत कई दिनों से अपनी सेवा दे रही श्रीमती शीला सोनी भी इस यात्रा में शामिल हैं।

### कल 1008 दीपों का दीपयज्ञ आयोजित

दूसरी ओर, गायत्री मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि अखंड ज्योति रथ के नगर आगमन के अवसर पर रविवार 20 जुलाई को स्थानीय गायत्री मंदिर में शाम 4 बजे से 1008 दीपों का दीपयज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें नगर के समस्त गायत्री परिजनों के अलावा धर्मप्रेमीजनों से भी अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

## बिजली दरों में बढ़ोतरी पर गरजी कांग्रेस, राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी ने भाजपा सरकार पर लगाया जनविरोधी नीति अपनाने का आरोप**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई हालिया वृद्धि के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि जनता पर लादी गई यह अतिरिक्त आर्थिक मार तत्काल वापस ली जाए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की जेब पर चौथी बार डाका डालने का प्रयास कर रही है। हाल में बिजली दरों में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 25 पैसे प्रति यूनिट तथा किसानों के लिए कृषि विद्युत दर में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इस वृद्धि से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा।

अघोषित बिजली कटौती से पहले ही परेशान हैं। लोग कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश के नागरिक पहले से ही अघोषित बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिसके कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहना आम बात हो गई है। 'बिजली की आपूर्ति नहीं सुधरी, लेकिन दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। यह सरकार की विफलता का परिचायक है।' ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने यह भी उल्लेख किया कि भाजपा सरकार के इस कदम से किसान, मजदूर, छोटा व्यापारी, निम्न और मध्यम वर्ग सभी प्रभावित होंगे। कृषि विद्युत दरों में 50 पैसे की वृद्धि करना सीधे तौर पर अन्नदाता पर चोट है। यह निर्णय किसान विरोधी और जनविरोधी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे इस मुद्दे का संज्ञान लें और छत्तीसगढ़ सरकार को निर्देशित करें कि बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। जिससे प्रदेश की जनता को राहत मिल सके। इस दौरान ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से श्रीमती छन्नी चंदू साहू, सुरजीत ठाकुर, मनीष निर्मल, राजकुमार ध्रुव, उदेराम साहू, रवि साहू, बेनी साहू, रामगोपाल शर्मा, अशोक वर्मा, छोटेलाल कटेगा, रमेश त्रिपाठी, सौरभ मिलिंद, रवि हेनरी एवं ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेसजनों ने नारेबाजी कर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

# छत्तीसगढ़ सरकार शुरू करेगी 'युवा रत्न सम्मान योजना', उत्कृष्ट युवाओं और संगठनों को मिलेगा लाखों का पुरस्कार



मोहला (दावा)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, संस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करनाए राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।

छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपए एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोककला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को 1-1 लाख रूपए का पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

## डोंगरगढ़ में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर तरुण हथेल ने की उच्च अधिकारियों से मुलाकात

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने नागपुर में रेलवे के उच्चाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। रेलवे के अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में श्री हथेल ने कहा कि धार्मिक नगरी होने के कारण डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में साफ-सफाई में विशेष ध्यान देने की जरुरत है। यहां मां बम्लेश्वरी, प्रज्ञागिरी, चन्द्रगिरि आचार्य विद्यासागर महाराज, रावटी पहाड़, बाल्मीकि सुदर्शन गिरी, करवारी सहित अलग-अलग धर्मों का तीर्थ होने कारण हजारों तीर्थयात्रियों का आना-जाना लगा रहता है।उन सभी लोगों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने की जरूरत है। वहीं दैनिक यात्री संघ डोंगरगढ़ द्वारा कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेने चालु होते ही ढोल, नगाड़े, बाजे गाजे के साथ ट्रेन के गार्ड व ड्राइवर को फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर मेमू लोकल ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। इस लोकल की पुनः बहाली के लिए जनता लगातार मांग कर रही थी। इस दौरान मोंटी भाटिया, वीरेंद्र सोनी, सचिन से क्यों लगवाता बाकी उसे लगवा लिया, केशव शर्मा, कपिल, राहुल बोरकर, मिथलेश साहू, राहुल देवांगन, अशोक शर्मा, गगन भाटिया आदि उपस्थित थे।

# सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं की बनाए सूची, सुविधाएं करें सुनिश्चित-कलेक्टर



मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं की विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने विकास खंडवार स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी, आईपीडी की समीक्षा की। उन्होंने ओपीडी, आईपीडी बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन को बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा करते हुए बीएमओ को निर्देशित किया कि जिले के सुदूर क्षेत्र के पहुंच विहीन गांवों का चिन्हांकन कर गर्भवती महिलाओं की सूची बनाए, इसके साथ ही स्थानीय सुविधाओं के अलावा ट्रांसपोर्ट व्यवस्था करें, ताकि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने के निर्देश देते हुए सीएमएचओ को इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत प्रसव सुविधा वाले स्वास्थ्य केंद्र में बोर्ड लगवाने की निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा धरती आबा अभियान अंतर्गत आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड से लाभान्वितों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सभी रिपोर्ट को ऑनलाइन दर्ज करना सुनिश्चित किया करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जनजाति क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। एनीमिया मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने एनीमिक व्यक्तियों की चिन्हांकन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को खान-पान के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं विशेष स्वास्थ्य योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने परिवार नियोजन की समीक्षा करते हुए कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा अंतर्गत लोगों को जागरूक करें, साथ ही परिवार नियोजन के तहत प्रदत निःशुल्क सामग्रियों को मितानिनों के पास उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने सिकल सेल स्क्रीनिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि सिकल सेल मरीजों का रिपोर्ट कार्ड बनाने के साथ ही प्रमाण पत्र प्रदान करना सुनिश्चित करे। उन्होंने वेलनेस गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग ग्रामवार स्वच्छता पर आधारित कैंप लगाए एवं सरपंच, सचिवों को अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में शामिल करें। इस दौरान उन्होंने जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अंधत्व निवारण, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, जन औषधि एवं निर्माणाधीन भवनों की समीक्षा करते हुए विशेष दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित 102 एवं 108 वाहनों की समीक्षा की।

# महिला स्व-सहायता समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु बैंकर्स कार्यशाला सम्पन्न



**स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज, ब्याज अनुदान योजना एवं वित्तीय साक्षरता पर मिला मार्गदर्शन**

मोहला (दावा)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों की वित्तीय सशक्तिकरण और स्वरोजगार आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार मोहला में किया गया।

कार्यशाला में नेशनल रिसोर्स पर्सन सुधाकर सतपथी एवं राज्य स्तरीय विशेषज्ञ दिलीप साहू द्वारा तकनीकी सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज की प्रक्रिया, लक्ष्य, ब्याज अनुदान योजना, कम्युनिटी बेस्ड रिकवरी मैकेनिज्म, वित्तीय साक्षरता तथा समूह सदस्यों की क्षमता संवर्धन से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर, जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, बैंक सखी, ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर, एरिया कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, वित्तीय साक्षरता रिसोर्स पर्सन और बैंक मित्र सहित विभिन्न हितधारकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान स्व-सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों को स्थायित्व प्रदान करने के लिए बैंकिंग प्रक्रियाओं की स्पष्टता पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों और जमीनी चुनौतियों को साझा करते हुए विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका को सराहते हुए यह संकल्प लिया गया कि बैंकिंग संस्थान एवं मिशन टीमें मिलकर स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को सतत वित्तीय सहयोग और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराते रहेंगे, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर और सशक्त रूप से अग्रसर हो सकें।

## यूनिसेफ इंडिया के अधिकारी सोमनी में आयोजित पोट्ठ लईका चौपाल में हुए शामिल



राजनांदगांव (दावा)। जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को पोट्ठ लईका चौपाल का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4 सोमनी में आयोजित पोट्ठ लईका चौपाल में शामिल होने यूनिसेफ इंडिया के अधिकारी दिल्ली से पहुंचे।

चौपाल में थीम अनुसार जन्म के 1000 सुनहरे दिवस, डायरिया प्रबंधन, तिरंगा भोजन एवं ओआरएस के उपयोग तथा जीवन रक्षक घोल के महत्व के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही चौपाल में गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

यूनिसेफ इंडिया के अधिकारियों ने पोट्ठ लईका चौपाल के आयोजन की प्रसंशा की और जिले इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, मितानीन, जिला पोषण समन्वयक, विकासखंड पोषण समन्वयक, बिहान की दीदीयां, महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने बनाए कैलेंडर-कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति



मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शिक्षा विभाग की बैठक लेकर जिले के स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने डीईओ को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु मासिक कैलेंडर बनना सुनिश्चित करें, ताकि निर्धारित समय में बच्चों का जरूरी दस्तावेज बन सकें। उन्होंने युक्तियुक्तकरण पश्चात स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जो शिक्षक ज्वाइनिंग नहीं लिए है। उन पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन एवं मरम्मत स्कूल भवनों एवं शौचालयों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने अशासकीय विद्यालय में आरटीई के पेंडिंग एवं न्यायालीन प्रकरणों की भी जानकारी ली। साथ ही अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की निर्देश दिए।

उन्होंने एनपीएस एवं ओपीस के तहत राशि निकासी भुगतान, लंबित पेंशन प्रकरण की समीक्षा करते हुए अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का चिन्हांकन कर हॉस्टल बनाने हेतु प्रपोजल बनाने के निर्देश डीईओ को दिए, ताकि स्कूली बच्चों को आवासीय सुविधाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने डीईओ एवं बीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में स्कूली बच्चे ड्रॉप आउट न हो। उन्होंने मासिक कैलेंडर बनाकर गतिविधियां संचालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर दुकालू राम ध्रुव, डीईओ फत्तेराम कोसरिया समस्त बीईओ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## सोमप्रभा सैम्यूल के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिला समाजवादी पार्टी द्वारा बैठक आयोजित कर जिला संगठन के ऊपर विचार विमर्श किया गया और आगे संगठन को विस्तार से बढ़ाने के लिये सभी समाजवादी पार्टी के अधिकारी द्वारा विचार कर संगठन को बल देने के लिये जोर दिया गया एवं गाँव-गाँव के किसान व मजदूर के जन समस्या मुद्दों को लेकर कलेक्टर एवं एस.पी. को ज्ञापन देकर उनकी मांगों को पूरा कराने का संकल्प लिया।

संकल्प लेने वाले समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष गयूर सिद्धीकी, प्रदेश संगठन सचिव मोतीलाल यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षा सोमप्रभा सैम्यूल, मीना कोर्राम, जिला संगठन सचिव मन्नूलाल सोनी, जिला सचिव विष्णु सोनी, दीपा यादव आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मोतीलाल यादव ने दी।

## जिला पंचायत सभापति ने नवीन आंगनबाड़ी केंद्र किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टप्पा के आश्रित ग्राम गाताटोला में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रही जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काट कर एवं मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन के दौरान सभी अतिथियों ने अपने व्यक्तव्यों के माध्यम से समस्त ग्रामवासीयों को इस स्वर्णिम क्षण की ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## कोपेड़ीह की पूर्व सरपंच सुशीला देवी साहू बनी कोषाध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा के अंतर्गत राजनांदगांव ग्रामीण मंडल पूर्व (सोमनी) के संगठन विस्तार में ग्राम कोपेडीह की सुशीला देवी साहू पूर्व सरपंच और महिला संगठक को कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर ग्रामीण महिला संगठन, प्रज्ञा मानस मंडली, स्वयं सहायता समूह महिला के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। क्षेत्र की जुझारू महिला को संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू का आभार व्यक्त किया।

साथ ही ग्रामीण तुलेश्वरी साहू, साधना साहू, सविता यादव, सोनल साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषकों को मौसम आधारित सलाह



राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा जिले के कृषकों को खरीफ में अधिक उत्पादन लाभ प्राप्त करने के लिए उन्नतशील जातियों के बीज जैसे-धान (इन्द्रावती धान, एमटीयू-1153, विक्रम टीसीआर, छत्तीसगढ़ धान-1919), सोयाबीन (आरएससी-10-46, आरएससी-11-15, आरएससी-11-07) की बुआई करने की सलाह दी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। किसान बुआई का कार्य पूर्ण कर ले एवं नर्सरी से अतिरिक्त जल निकास की व्यवस्था कर ले तथा मौसम साफ रहने पर ही खरपतवार नियंत्रण कार्य करें। धान में थरहा डालने से पूर्व यदि शीथरॉट की समस्या हो तो बीजों को 17 प्रतिशत नमक (1.7 किलोग्राम नमक प्रति 10 लीटर पानी में) के घोल से उपचारित करें। प्रमाणित या आधार श्रेणी के बीजों को एजोस्पारिलम तथा पीएसबी कल्चर 5.10 ग्राम की दर से उपचारित कर बुआई करें। नत्रजन का छिड़काव कुल अनुशंसित मात्रा की आधी मात्रा (60 किलोग्राम) रोपा के 8-10 दिनों बाद यूरिया के रूप में छिड़काव करें। छिड़काव के बाद खेतों में पानी लगभग 24 घंटे तक रोक कर रखें।

जिन किसानों ने धान फसल की बुआई कर ली है, वे संकरी तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण हेतु धान बुआई के 20-25 दिनों के भीतर आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी जैसे-बिसपायरीबेक सोडियम (नोमिनिगोल्ड, एडोर, बिस्फोर्स एवं अन्य उत्पाद) 250 ग्राम का छिड़काव करें। सोयाबीन फसल लगाने वाले किसानों को मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जल्द से जल्द सोयाबीन फसल की सीधी एवं कतार बोनी या चौड़ी क्यारी फरो विधि से बुआई करने की विशेष सलाह दी गई है। संकरी तथा चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण हेतु बुआई के 18-20 दिनों तक आवश्यकतानुसार खरपतवारनाशी जैसे-इमेजाथाईपर 10 प्रतिशत एसएल का 750 मिली का छिड़काव करें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**ईडी की गिरफ्त में भूपेश बघेल का बेटा चैतन्य.....**

पप्पू बंसल उर्फ लक्ष्मीनारायण ने शपथ पत्र के साथ बयान दिया था कि शराब घोटाले का 100 करोड़ रुपये सहेली ज्वेलर्स के जरिए चैतन्य बघेल को दिए गए थे। इसके आधार पर चैतन्य की गिरफ्तारी की गई है और पूछताछ के लिए रिमांड की आवश्यकता है। चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस शनिवार को प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान सभी जिलों में कांग्रेस के नेता प्रदर्शन में शामिल होंगे। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी का सभी जिलों में पुतला दहन करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने निर्देश दिए हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद से कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के तमाम विधायक राजीव गांधी चौक पर धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार की कठपुतली ईडी के नाम से तख्ती लिए हुए हैं।

**टीएमसी के गुंडा टैक्स से बंगाल में.....**

उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बनेंगे। साथ ही पश्चिम बंगाल की जनता को उन्होंने इस विकास के लिए बधाई दी। इस दौरान पीएम ने ये भी कहा कि आज बंगाल अपने बुरे दौर से गुजर रहा है। एक समय था जब लोग यहां देशभर से रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गई है। पश्चिम बंगाल का नौजवान पलायन के लिए मजबूर है। छोटे-छोटे काम के लिए भी उसे दूसरे राज्यों की तरफ जाना पड़ रहा है। बंगाल विकास चाहता है और अगर भाजपा आई तो बंगाल को विकास की रफ्तार मिलेगी। यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश में गैस कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। एलपीजी सिलेंडर आज हर घर तक पहुंच चुका है, और इस उपलब्धि की सराहना दुनिया भर में हुई है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' के तहत 'प्रधानमंत्री ऊर्जा योजना' को गति दी जा रही है।

**संसद के आगामी सत्र के लिए भाजपा ने....**

की भी तैयारी में है। इससे पहले संसद का बजट सत्र दो हिस्सों में आयोजित किया गया था। पहला सत्र 31 जनवरी को शुरू हुआ था और 13 फरवरी तक चला। वहीं संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च को शुरू हुआ था और 4 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया था। बता दें कि, विपक्ष संसद में एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर बहस की मांग कर रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि अन्य राज्यों में लागू होने वाले एसआईआर का उद्देश्य भाजपा को लाभ पहुँचाना है।संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है।

**मनी लॉन्ड्रिंग केस: राहुल गांधी ने.....**

पेश की है। इसके अगले ही दिन राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया एक्स के ज़रिए साझा की। 2008 में हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा थे। हरियाणा सरकार ने रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड को गुरुग्राम में 3.53 एकड़ जमीन 7.50 करोड़ की कीमत पर कॉलोनी डेवलप करने की इजाजत देते हुए कंपनी को लाइसेंस दिया था। लेकिन कॉलोनी विकसित करने की बजाय रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी ने इस जमीन को 2012 में 58 करोड़ में डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को बेच दिया था। आरोप है कि हरियाणा सरकार से कम दाम पर मिली इस जमीन को डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को बेचकर रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटेलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने करोड़ों का मुनाफा कमाया था।

**सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता.....**

क्षेत्र के किस्टारम का रहने वाला था। उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस मुठभेड़ को सुरक्षाबलों के लिए एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, क्योंकि सोढ़ी कन्ना लंबे समय से कई नक्सली वारदातों में सक्रिय भूमिका निभा रहा था और सुरक्षाबलों की हिट लिस्ट में शामिल था। 5 जनवरी 2025 को अबूझमाड़ के जंगल में एक महिला नक्सली समेत पांच नक्सली ढेर। 12 जनवरी 2025 को बीजापुर के मद्देड़ इलाके में एनकाउंटर में दो महिला समेत पांच नक्सली मारे गये थे।

**मानसून सत्र से पहले झटका: आप....**

हमेशा से ही सत्तारूढ़ दल का कड़ा विरोध करती रही है। हम पूरी ताकत से ऐसा करेंगे। गुजरात में विसावदर विधानसभा उपचुनाव जीतने के बाद, केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि सत्तारूढ़ भाजपा ने उनकी पार्टी को हराने के लिए कांग्रेस को भेजा था। संजय सिंह ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव 2024 के लिए था। हमने दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा। हम बिहार (विधानसभा) चुनाव अकेले लड़ने जा रहे हैं। हमने पंजाब और गुजरात में उपचुनाव अपने बूते लड़ा। आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। हम लोकसभा में जोरदार तरीके से मुद्दे उठाएंगे।

**पूर्व मंत्री लखमा को नहीं मिली जमानत....**

आधार पर उन्हें आरोपी बनाया गया है। जबकि, उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। पूर्व मंत्री को राजनीतिक षडयंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया गया है। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान EOW की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने बताया कि चार्जशीट के मुताबिक कवासी लखमा के बंगले में हर महीने 2 करोड़ रुपए कमीशन पहुंचता था। शराब घोटाला सिंडीकेट की तरह चलता था, जिसमें अधिकारी से लेकर मंत्री तक कमीशन लेते थे। EOW के अधिकारियों ने लखमा के 27 करीबियों से बयान लेकर इस बात का साक्ष्य इकट्ठा किया है। जिसमें उनकी भूमिका और मिलीभगत के सारे साक्ष्य मौजूद हैं।

**केंद्र सरकार का बड़ा निर्णय: धान खरीदी....**

परिश्रम को मान्यता देने वाला कदम है। यह न केवल उनकी आय में वृद्धि करेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है और केंद्र सरकार से समन्वय करते हुए उनके लिए हरसंभव सुविधा सुनिश्चित कर रही है। राज्य के धान उत्पादक किसानों को बेहतर मूल्य, समय पर भुगतान और सुगम खरीदी प्रक्रिया के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है। धान खरीदी सीमा में यह वृद्धि प्रदेश के किसानों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है। यह उनके परिश्रम और उत्पादन क्षमता में केंद्र की आस्था का संकेत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगठित बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है। प्रदेश के अन्नदाताओं की समृद्धि के लिए सरकार लगातार नई योजनाएँ और उपाय लागू कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, किसानों के जीवन में खुशहाली और सम्मान लाना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के अन्नदाता नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ेंगे।

**जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग लाने....**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि वह प्रस्ताव पर विभिन्न दलों के नेताओं के साथ समन्वय कर रहे हैं, ताकि संसद का सर्वसम्मत रुख सामने आ सके। महाभियोग प्रस्ताव पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने विभिन्न राजनीतिक दलों के सभी वरिष्ठ नेताओं से बात की है। मैं उन पार्टियों से भी संपर्क करूंगा, जिनके सिर्फ एक सांसद हैं। मैं किसी भी सदस्य को छोड़ना नहीं चाहता। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर मामला है, क्योंकि न्यायपालिका ही वह जगह है जहां लोगों को न्याय मिलता है। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो गंभीर चिंता का विषय है। वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाना पूरी तरह से सांसदों का मामला है और सरकार इसमें कहीं भी शामिल नहीं है।

**छत्तीसगढ़ में जनविश्वास विधेयक....**

दिशा देने और ऐसी नीति बनाने में सहायक है, जो व्यावहारिक और संवेदनशील हों। इस विधेयक का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह आम नागरिकों और कारोबारियों द्वारा किए गए छोटे-मोटे तकनीकी उल्लंघनों को आपराधिक श्रेणी से हटाकर जुर्माने (शास्ति) के दायरे में लाता है। इससे अनावश्यक मुकदमेबाजी और अदालतों पर बोझ कम होगा, साथ ही नागरिकों को छोटी गलतियों के लिए आपराधिक मामलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस विधेयक में छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, और छत्तीसगढ़ सहकारिता सोसायटी अधिनियम से संबंधित 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में बदलाव किया गया है। विधेयक का लक्ष्य उद्यमियों को नियामकीय सूचनाओं से संबंधित देरी के लिए आपराधिक मुकदमे के डर से मुक्ति दिलाना है। अब ऐसे मामलों में केवल प्रशासकीय जुर्माना लगेगा, जिससे व्यापार व्यवसाय में आसानी होगी। विधेयक में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधान में भी संशोधन किया गया है। सार्वजनिक स्थल पर शराब के उपभोग के मामले में पहली बार सिर्फ जुर्माना और इसकी पुनरावृत्ति के मामले में जुर्माना और कारावास का प्रावधान किया गया है। इसी तरह नगरीय प्रशासन विभाग के अधिनियम के तहत मकान मालिक द्वारा किराया वृद्धि की सूचना नहीं दिए जाने के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के प्रावधान को संशोधित कर अब अधिकतम 1,000 रुपये की शास्ति का प्रावधान किया गया है। इसी तरह किसी सोसायटी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन दाखिल करने के मामले में विलंब की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई के प्रावधान को संशोधित कर नाममात्र के आर्थिक दंड में बदल दिया गया है। विशेषकर महिला समूहों के मामलों में इसे और भी न्यूनतम रखा गया है। यदि कोई संस्था गलती से सहकारी शब्द का उपयोग कर लेती थी, तो उसे आपराधिक मुकदमे और दंड के प्रावधान के स्थान पर अब केवल प्रशासनिक आर्थिक दंड का प्रावधान है।

# आए सब मिलकर माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट समिति को भारत की अनूठी मिशाल बनाए - विवेक मोनू भंडारी

डोंगरगढ़(दावा)। जिला अध्यक्ष खेल संघ राजनांदगांव, जुजित्सु मार्शल आर्ट, पूर्व जिला संयोजक भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री डोंगरगढ़ विवेक मोनू भंडारी ने मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति का चुनाव लड़ने वालों से अपेक्षा की है कि, आए सब मिलकर माँ बम्लेश्वरी देवी ट्रस्ट समिति को भारत की अनूठी मिशाल बनाए। जिसमें अन्नदान सेवा योजना के माध्यम से मां के दरबार में आने वाला कोई भूखा न जाए, प्रतिदिन अनुमान के पैमाने से भोजन पैकेट जरूरतमंदों, यात्रियों व मजदूरों को बांटा जाए। अन्नपूर्णा रथ सेवा लागू कर जो स्टेशन, बस स्टैंड और आसपास घूमे। हर दानदाता के नाम से 'भोजन दिन' आयोजित करें, इससे चर्चा और भागीदारी दोनों बढ़ेगी।

### भोजन और प्रसाद सेवा के माध्यम से भक्ति का स्वाद

अन्नक्षेत्र सेवा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन, बैठकर गरम भोजन मिले। आरओ पेयजल केंद्र हर 100 मीटर पर शुद्ध जल स्टैंड स्थित हो। प्रसाद वितरण केंद्र बनाकर मंदिर परिसर में हाइजीनिक प्रसाद वितरण, पैकेट सुविधा, भक्त रथ सेवा, मोबाइल वाहन जो रात को भोजन/पानी दूर-दराज़ भक्तों तक पहुंचाया जाय। रहने की उत्तम व्यवस्था सृजित कर भक्तों को सम्मानित आवास धर्मशाला/भक्त निवास निःशुल्क/न्यूनतम शुल्क पर, साफ-सुथरे कमरे, महिला-पुरुष अलग-अलग।



साफ-सफाई व्यवस्था हर 4 घंटे में सफाई, 24×7 जल और शौचालय सुविधा प्रदान की जाए। ऑनलाइन बुकिंग वेबसाइट/एप से रूम बुकिंग, पहले से आरक्षित सुविधा वृद्ध व दिव्यांग सेवा कक्ष व्हीलचेयर, सहायक, बैड पर आराम की सुविधा मिले। वस्त्रदान योजना लागू कर सम्मान के साथ सेवा, गरीब परिवारों के लिए साफ कपड़े, कंबल, साड़ी, बच्चों के कपड़े हर त्योहार (दशहरा, दिवाली, होली) पर 'सम्मान वस्त्र वितरण अभियान' के तहत वितरण किया जाये। स्वास्थ्य सेवा के तहत शरीर सेवा ही शिव सेवा, निःशुल्क मेडिकल कैंप-आँख, दाँत, शुगर, महिलाओं की जाँच, सप्ताह के किसी दिन/हर पूर्णिमा को 'स्वास्थ्य सेवा दिवस', दवा बैंक बनाएँ - ज़रूरतमंदों को सस्ती या मुफ्त दवाइयाँ मिलें।

### बाल संस्कार/बाल भक्ति शिविर

5-15 वर्ष के बच्चों के लिए भक्ति, योग, श्लोक, नैतिक शिक्षा के कार्यक्रम लागू किया जाये। ट्रस्ट की ओर से गर्मी छुट्टी शिविर सबसे लोकप्रिय सेवा बन सकती है। शिक्षा सहयोग लागू कर विद्या दान सर्वश्रेष्ठ दान, ग़रीब बच्चों के लिए कॉपी-किताब वितरण, कोचिंग क्लास, ट्रस्ट छात्रवृत्ति योजना के तहत परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों को आर्थिक सहायता दी जाये।

### पर्यावरण सेवा - 'हरि दर्शन=हरियाली सेवा'

हर श्रद्धालु के नाम एक पौधा मंदिर परिसर में वृक्षारोपण अभियान, गौसेवा+जैविक खाद= सतत पर्यावरण सेवायोग/ध्यान शिविर - मानसिक शांति की ओर सप्ताह में 1 दिन निःशुल्क योग क्लास (स्थानीय शिक्षक के साथ) महिलाओं और बुजुर्गों के लिए ध्यान कार्यक्रम। प्याऊ और शुद्ध जल सेवा 'जल सेवा, जीवन सेवा'। गर्मी में 5-10 प्याऊ केंद्र डोंगरगढ़ भर में (ट्रस्ट के नाम से) आरओ वाटर मशीनें यात्रियों के लिए स्टेशन, बस स्टैंड में लगवाएं। सोशल मीडिया सेवा प्रचार -सेवा दिखती नहीं, जीती जाती है।

हर सेवा का वीडियो, फोटो, साक्षात्कार, 'सेवक सम्मान' पोस्ट फेसबुक/ यूट्यूब पेज। 'बम्लेश्वरी सेवा धारा' हर सेवा पर आज की सेवा नाम से पोस्ट, यात्रियों के लिए सहायता केंद्र- ट्रस्ट के स्वयंसेवकों द्वारा यात्रा में सहायता, स्टेशन/बस स्टैंड पर 'भक्त मार्गदर्शन टीम' वृद्ध व दिव्यांग यात्रियों के लिए व्हीलचेयर व सहायक विशेष अवसरों पर मेगा सेवा अभियान, नवरात्रि, गुरुपूर्णिमा, स्वतंत्रता दिवस पर वस्त्र वितरण, भव्य अन्न सेवा, गौदान, विशेष आरती व भोजन, सेवक सम्मान योजना जो सेवा करे, उसका मान बढ़े।

हर माह 'सेवा रत्न', 'श्रेष्ठ सेवक', 'युवा नायक' जैसे सम्मान, दानदाता /श्रमिक/सफाई सेवक सबको समान मान-विशेष ध्यानयोग व्यवहार सेवा को आयोजन नहीं, जीवन की साधना बनाइए तब ट्रस्ट श्रद्धा का केंद्र बन जाएगा। श्रद्धालु भगवान के अतिथि होते हैं और ट्रस्ट उनका सेवक। जब सेवा दिल से होती है, तो उसका प्रचार आपको नहीं करना पड़ता। लोग खुद कहते हैं डोंगरगढ़ गए क्या? वहाँ सेवा ऐसी है कि मानो जैसे माँ स्वयं बुलाती हो।

## गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में खैरा पंचायत में 130 फलदार पौधों का रोपण



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगढ़ की ग्राम पंचायत खैरा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जब गीतांजलि सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन का मार्गदर्शन जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने किया, जिनके नेतृत्व में ग्रामीणों में हरियाली के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना जागी।

इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में कुल 130 फलदार पौधे लगाए गए, जिनमें आम, अमरूद, नींबू और कटहल जैसे पौधे शामिल थे।

संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता सेरूवा, सचिव नरेंद्र ताईवड़े, चंद्रकांता महानदिया, सरपंच श्रीमती उषा दीपक चौहान, पंच, सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी इस कार्य में सहभागी बने। सभी ने मिलकर न सिर्फ पौधे रोपे, बल्कि उनके संरक्षण की शपथ भी ली।

## राजनीतिक विज्ञान विषय का पद सृजन करने एवं वाणिज्य संकाय की पुनः स्थापना की मांग

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपते हुए रामाटोला (राजनांदगांव) स्थित वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शासकीय महाविद्यालय में 'राजनीतिक विज्ञान' विषय हेतु नवीन पद सृजन तथा 'वाणिज्य संकाय' की पुनः शुरुआत की पुरज़ोर मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह महाविद्यालय एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान है जो डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामाटोला क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराता है।

परंतु विषयों की सीमित उपलब्धता के कारण विद्यार्थियों को अन्य दूरस्थ महाविद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे शिक्षा में बाधा उत्पन्न होती है। विष्णु लोधी ने यह भी कहा कि यह महाविद्यालय वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी के नाम पर स्थापित है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया। ऐसे प्रेरणादायी के नाम से संचालित संस्था में सभी विषयों की समुचित उपलब्धता अति आवश्यक है।ज्ञापन सौंपते समय प्रमुख रूप से विष्णु लोधी प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज, के के सिंगौर महामंत्री छत्तीसगढ़ लोधी समाज ,दशमत चंदेल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ महिला लोधी समाज, लक्ष्मी जंघले महासचिव महिला छत्तीसगढ़ लोधी समाज ,रूप कुमार माहीकवार, चैन दास जंघेल ,भगवती वर्मा, ईश्वरी वर्मा ,महेश्वर जंघेल, गुलाब वर्मा ,गया प्रसाद वर्मा ,महेश महूले ,मोहन वर्मा, जोहन वर्मा, हुजूर दास वर्मा, भूपेंद्र वर्मा , चंद्र प्रकाश वर्मा ,भुनेश्वर वर्मा, विश्राम वर्मा, आदि उपस्थित रहा।



लोधी समाज ने रानी शिक्षा सुविधा बढ़ाने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ लोधी समाज की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि, महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विषय हेतु नवीन पद सृजन कर शिक्षण प्रारंभ किया जाए। पूर्व में संचालित वाणिज्य संकाय को पुनः प्रारंभ किया जाए ताकि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राएं वाणिज्य शिक्षा से वंचित न रहें।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों में न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति अनिवार्य की जाए।विष्णु लोधी ने विश्वविद्यालय के कुलपति से आग्रह किया है कि शिक्षा की समानता और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो सके।

## सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव विद्यालय में 17 जुलाई को वृक्षारोपण किया गया। जिसमें उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन, परीक्षा प्रभारी गणेश राम भोयर, वरिष्ठ दीदी जी श्रीमती रामेश्वरी साहू ,श्रीमती लिलेश्वरी निर्मलकर, श्रीमती पूजा भंडारी, कु. कुमकुम साहू, कु. हर्षिता देवदास ,कु. कुमकुम साहू, कु. जागेश्वरी साहू एवं विद्यालय के सभी भैया बहन द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं आईआईआईटी रायपुर के मध्य हुआ एमओयू

खैरागढ़ (दावा)। संगीत और कला का टेक्नोलॉजी के साथ हुआ संगम। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ एवं डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) रायपुर के मध्य समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) संपन्न हुआ। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा एवं डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआई आईटी) रायपुर के कुलपति एवं डायरेक्टर प्रो.ओमप्रकाश व्यास ने उक्त समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किए।



विद्यार्थियों को कलाओं के साथ टेक्नोलॉजी की मिलेगी शिक्षा

संगीत और कला के साथ टेक्नोलॉजी के इस संगम से विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा। जिससे उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां मिलेगी। इसके साथ ही टेक्नोलॉजी के समन्वय से कलाओं को विश्व स्तर पर ले जाने का भी सुनहरा अवसर मिलेगा। इस समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) से इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शिक्षा अर्जित करने का अवसर मिलेगा, वहीं आईआईआईटी के विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के साथ ही विभिन्न कलाओं तथा नृत्य-संगीत को जानने व समझने का भी मौका मिलेगा। वर्तमान में पूरे विश्व में टेक्नोलॉजी का स्तर निरंतर बढ़ते जा रहा है,ऐसे में कला का टेक्नोलॉजी के साथ समझौता दोनों ही संस्थानों के विद्यार्थियों में नई शिक्षा की शुरुआत होगी। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल एवं सुनहरा होगा। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधानात्मक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस समझौते के बाद दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर पाएंगे, विद्यार्थियों के लिए विनिमय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे एवं दोनों संस्थान संयुक्त रूप से कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित कर पाएंगे, जिससे सूचना प्रौद्योगिकी और कला के क्षेत्र में सहयोगी परियोजनाएं शुरू की जा सकेगी।

## कलेक्टर चंद्रवाल ने परीक्षार्थियों से की व्यापम के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शीपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील



खैरागढ़ (दावा)। छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शीपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर अब व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी अभ्यर्थियों का अनिवार्य रूप से हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा मैन्युअल पैट डाउन फ्रिस्किंग किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में 1-1 महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी द्वारा परीक्षा केन्द्र में बनाए गए अस्थायी कक्ष में किया जाएगा।

**परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों का किया जाएगा हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा मैन्युअल पैट डाउन फ्रिस्किंग**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होने वाले खैरागढ-छुईखदान-गंडई जिले के अभ्यर्थियों से व्यापम द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शीपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है। जिससे कि प्रतियोगी परीक्षाओं में योग्य एवं मेहनतकश लोगों का चयन सुनिश्चित हो सके।

छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर व्यापम द्वारा आयोजित आगामी सभी परीक्षाओं में परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना अनिवार्य है। जिससे कि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन सही तरीके से किया जा सके। इसके अंतर्गत आगामी 20 जुलाई को आयोजित परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि कोई परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो रहा है तो मुख्य द्वार सुबह 9.45 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही 27 जुलाई से होने वाले परीक्षाओं में 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। जारी किए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े तथा फुटवियर के रूप में चप्पल पहनना अनिवार्य होगा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधे घंटे में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधे घंटे में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना भी वर्जित है। व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं के निगरानी हेतु 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल का प्रावधान है। जिसमें 1 पुलिसकर्मी अनिवार्य रूप से अब शामिल किया गया है। जो परीक्षा केन्द्र के साथ-साथ, उसके परिसर एवं गेट के बाहर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। फ्रिस्किंग के नए प्रावधान को व्यापम द्वारा जिले के नोडल अधिकारी एवं समन्वयक को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अवगत कराया गया।

## लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा आयोजित शिविर में 78 बच्चों के दांतों को परीक्षण



### शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बैगाटोला लखोली में सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से दांत परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बैगाटोला लखोली में सम्पन्न हुआ इसमें 78 बच्चों के दांतों का परीक्षण कर इलाज किया गया एवं दांतों की सुरक्षा हेतु जानकारी दी गई।

इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष MJF लायन प्रमोद बागड़ी, निवर्तमान अध्यक्ष लायन नंदकिशोर खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष लायन संदीप सिंह, लायन दिलीप खण्डेलवाल, सचिव लायन योगेश गुप्ता, शाला की प्राचार्या श्रीमती झा, डेंटल कॉलेज के डाक्टर की टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## पालक चौपाल से कुपोषण मुक्त किशोरी बालिका बनेगा अमलीडीह - रेखा लाल सिन्हा सरपंच

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत अमलीडीह के सरपंच रेखा लाल सिन्हा ने संकल्प लेते हुए कहा कि पालक चौपाल के माध्यम से अमलीडीह को कुपोषण मुक्त किशोरी बालिका ग्राम बनाना है। क्योंकि किशोरी बालिका ही भविष्य में मां बनती है, जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत राजनांदगांव सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह तथा सीएमएचओ डॉ. नवरतन के दिशा निर्देश में कार्य करने के लिए किशोरी बालिकाओं की ग्राम पंचायत स्तर पर बृहद सूची बनाने के लिए सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने सभी मितानिन, प्रेरक, समन्वयक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा शिक्षा विभाग से शिक्षकों से आग्रह किया है।



जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक माह सभी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण जिसमें प्रमुख रूप से एनीमिया की जांच वजन, ऊंचाई, पारंपरिक खेलकूद, शिक्षा का अभ्यास एवं पोषण आहार पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती माता की गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्य भी उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया, सरपंच सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम बृहद स्तर पर करना है पालक चौपाल से स्वस्थ ग्राम का विकास संभव है आगामी अगस्त माह में पालक चौपाल करने की योजना हुई, चौपाल में पांच समूह बनाकर पोषक तत्वों की जानकारी, तिरंगा भोजन, महिलाओं और बच्चों में खून की कमी, मौसमी बीमारियों से बचाव,पानी को उबालकर पीने की सलाह, किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के लिए सैनेटरी का उपयोग एवं आयरन गोली, विटामिन सी,स्वच्छता संबंधी व्यवहार पर विस्तृत चर्चा हुई, कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक आशा कनौजे ने किया, इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत सचिव दिनेश साहू, ढाल सिंह सोनवानी शिक्षक, नीलकंठ, धनेश्वरी, मालती, देविका, आशा, शोभना साहू, कुमारी चमेली मारकंडे, प्रभा यादव, तामेश्वरी, वीरेंद्र, गोमती, चोवाराम उपस्थित रहे।

## दिग्विजय महाविद्यालय में प्रेमचंद और तुलसी जयंती पर जिला स्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता

राजनादगांव (दावा)। प्रेमचंद और तुलसी जयंती के अवसर पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा जिलास्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए है। जिसमे राजनादगांव जिले के किसी भी महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी भाग ले सकते हैं. प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालयीन छात्रों में मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना हैं। इस प्रतियोगिता के बारे में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस साल मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास दोनों की जयंती 31 जुलाई को पड़ रही है। इसलिए इन दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर आधारित प्रश्न पूछकर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों साहित्यकारों पर आधारित यह प्रतियोगिता अलग-अलग होगी और प्रत्येक के लिए तीन-तीन विजेता चुने जाएंगे। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड में मोबाइल से होगी, लेकिन प्रतिभागियों को दिग्विजय कॉलेज में उपस्थित होकर भाग लेना होगा। प्रतियोगिता के कुल 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पों में से किसी एक सही का जवाब का चयन करना होगा। सभी विजेताओं को 31 जुलाई को पुरस्कृत किया जाएगा।

## आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 को

**मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 10 परीक्षा केन्द्र, 2913 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा (एबीए 25) का आयोजन आगामी 27 जुलाई 2025, रविवार को किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां कुल 2 हजार 913 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारु संचालन और परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापम द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

डिप्टी कलेक्टर प्रभारी अधिकारी (व्यापम) ने परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि उनकी फ्रिस्किंग शारीरिक जांच और पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखते हुए परीक्षार्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं हाथों से जांच की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व, यानी सुबह 9:45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े एवं चप्पल पहनने के निर्देश दिए गए हैं। कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण वर्जित है। साथ ही परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाइल, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी, स्कार्फ, पाउच आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले और अंतिम आधे घंटा पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने साथ प्रवेश पत्र के साथ एक मान्य मूल पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। पहचान पत्र के बिना किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। व्यापम ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी केवल अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र क्रमांक के अनुसार ही संबंधित केंद्र में परीक्षा देने उपस्थित हों, अन्यथा उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं किया जाएगा।

## पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा कल से

**धर्म महोत्सव मेला भी**

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में आगामी 20 जुलाई रविवार से पंचकुंडीय रुद्र महायज्ञ पार्थिव अभिषेक एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत सेवा संस्थान कोहका के पंडित मनोज पुष्प महाराज के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का श्रवण भक्त करेंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए गेंदलाल वर्मा भगवान दीन साहू कैलाश सोनवानी, संतू साहू, डॉ. हितेंद्र साहू ने बताया कि 20 जुलाई रविवार को भव्य कलश यात्रा महावीर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगी, जो नगर भ्रमण करती हुई मां बमलेश्वरी धाम छिरपानी प्रांगण पहुंचेगी। जहां बेदी स्थापना पूजन होगा लगातार 8 दिनों तक पंच कुंडीय यज्ञ भी होगा। इस दौरान धर्म महोत्सव मेला का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रातः 6 बजे से मंगलाचरण वेदी पूजन 9 बजे महायज्ञ आरंभ दोपहर 12 बजे महाप्रसादी तथा दोपहर 1 बजे से शिव महापुराण कथा होगी। डॉ. साहू ने बताया कि दैनिक यजमान रुद्र महायज्ञ में शामिल होकर कथा में भी अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां प्रारंभ है, कार्यक्रम में प्रतिदिन भंडारा महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। 8 दिवसीय इस पावन अनुष्ठान में विद्वान आचार्य द्वारा महायज्ञ के माध्यम से लोकमंगल एवं विश्व शांति की कामना की जाएगी। श्रीमद् भागवत सेवा संस्थान के सभी सदस्यों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमियों से इस रुद्र महायज्ञ में भाग लेने तथा शिव महापुराण की कथा श्रवण करने का आवाहन किया है।

# बिजली के दामों में वृद्धि कर गरीब जनता को लूट रही है सांय सरकार



ब्लॉक स्तरीय बिजली न्याय आंदोलन में कांग्रेसजनों ने विद्युत कार्यालय का किया घेराव, विरोध स्वरूप कांग्रेसजनों द्वारा जेई को उपहार में भेंट की 'लालटेन'

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रदेश की भाजपा सरकार एक बार फिर बिजली के दामों में वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता को फिर लूटने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर ब्लॉक स्तरीय आयोजित 'बिजली न्याय आंदोलन' के तहत 18 जुलाई शुक्रवार को विद्युत कार्यालय का घेराव कर राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया और जेई को लालटेन थमाकर विरोध जताया।

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ वर्षों में 19.6 प्रतिशत विद्युत के दामों में वृद्धि कर बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लुटने का काम किया जा रहा है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि, गैर घरेलू बिजली की दर पर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की उपस्थिति में ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में 'बिजली न्याय आंदोलन' के तहत विद्युत कार्यालय का घेराव कर जेई को लालटेन भेंट की गई।

शहर दक्षिण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेशभर में बिजली की कटौती शुरू हो गई। भाजपा सरकार ने दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज, बिजली कटौती से परेशान किया और अब प्रदेश की लाखों गरीब जनता को बिजली के दामों में वृद्धि कर लूटने जा रही है। कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। इतिहास गवाह है कि भाजपा की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाएं जाते रहे है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डाका डाला है। अनाप-शनाप बिजली बिल गरीब जनता को दिया जा रहा है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। जो बर्दाश्त योग्य नहीं है, कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है।

ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि सरप्लस बिजली वाले प्रदेश में बिजली कटौती व दामों में वृद्धि कर रही है भाजपा सरकार। सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, केन्द्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है, कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवर प्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है। डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बड़ी है, जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय का कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों द्वारा जेई को लालटेन भेंटकर विरोध जताया।

घेराव में प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, शारदा तिवारी, आफताब आलम, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दूबे, कमलजीत सिंह पिंटू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, महामंत्री झम्मन देवांगन, मोहिनी सिन्हा, शरद खंडेलवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद सतीश मसीह, युवराज भारती, छोटेलाल रामटेके, प्रतिमा बंजारे, सुरेन्द्र देवांगन, महामंत्री नीरज कन्नौजे, प्रज्ञा गुप्ता, शैलेष ठावरे, चेतन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने आभार व्यक्त किया।

## म्यूल एकाउण्ट से संबंधित खाताधारक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अपने बैंक खाता को किराये पर देने, कमीशन पर देने और बेचने का काम करता था खाता धारक

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक म्यूल एकाउंट धारक को धरदबोचा है। बताया जाता है कि एक खाता धारक अपने बैंक खाता को किराए पर देने तथा कमीशन देने व बेचने का काम करता था।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि अब म्यूल एकाउंट प्रोवाईडर के साथ-साथ खाता धारकों पर भी कार्यवाही होगी। आरोपी शुभम सिंह राजपूत पिता ऋषि सिंह राजपूत उम्र 27 साल निवासी विश्राम किराना स्टोर्स के नीचे, बघेरा जिला दुर्ग बताया है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारको के द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7,77,599.00 रूपये राशी को छुपाने एवं उपयोग किया गया है रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में खाता धारको के विरूद्ध अपराध क्रमांक 115/25 धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड़, लोकेन्द्र बंजारे पिता उमेन्द्र दास बंजारे उम्र 30 साल निवासी ग्राम पिनकापार थाना डोंगरगढ, दिगन्त अवस्थी उर्फ लाला पिता स्व. शशीकांत अवस्थी उम्र 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी शुभम सिंह राजपूत के खाते में उक्त ठगी रकम 99,990 रूपये ट्रांसफर हुआ था। सूचना पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया एवं न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

## विधानसभा कार्यवाही के प्रत्यक्षदर्शी बने राजनांदगांव के भाजपा कार्यकर्ता



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के निमंत्रण पर आज भाजपा के दक्षिण एवं उत्तर मंडल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में ये कार्यकर्ता विधानसभा पहुंचे और वहां की गतिविधियों को देखकर अपनी राजनीतिक समझ को मजबूत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य भेंट भी की। डॉ. रमन सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को विधानसभा की बारीकियों से अवगत कराया और अपने प्रथम कार्यकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, प्रशांत गोलू गुप्ता, चंद्रभान जंगेल, विनोद भारती, अशोक आदित्य श्रीवास्तव, बलवंत साव, राजा माखीजा, दामू भूतड़ा, मोहन सिन्हा, मनोज यादव, गीतेश गुप्ता, हेतल भोजानी, प्रवीण शुक्ला, श्रीमती शालू वर्मा, प्रेम सोनकर, नेहा शर्मा, सरिता यादव, सुश्री रानू मेश्राम, नरेंद्र डडा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 20 में राजनांदगांव : महापौर और आयुक्त ने किया सफाई मित्र व स्वच्छता दीदियों का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के लिए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी खासकर स्वास्थ्य अमला ने जी-जान लगाकर कार्य किया, जिसकी परिणति इस सर्वेक्षण में राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में पहुँच 14वॉ स्थान प्राप्त किया तथा प्रदेश में 6वें स्थान पर रहे। इसका श्रेय सफाई अमला को देते हुए महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा की उपस्थिति में स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई मित्रों का जमातपारा एसएलआरएम सेन्टर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया।

सम्मान समारोह में महापौर श्री यादव ने कहा कि आप लोगों की मेहनत के कारण ही राजनांदगांव टॉप 20 में स्थान बनाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया तथा प्रदेश में 6वें रहे तथा थ्री स्टार रैकिंग एवं ओडीएफ प्लस प्लस दर्जा पुनः मिला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आप लोगों ने इतना मेहनत किया कि हम गत वर्ष की तुलना में 79 से 65 छलांग मारकर 14वें स्थान में आ गये। इस वर्ष और मेहनत करें ताकि हम टॉप 10 में जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पडेगी, स्वच्छता से नागरिकों को भी जोड़ना होगा, घर में ही कचरा पृथककरण कराकर लेना होगा, लोगों में सफाई एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने जागरूकता लानी होगी और स्वच्छता के लिए पूरे साल भर कार्य करना होगा। आयुक्त ने कहा कि आप लोगों के मेहनत एवं लगन के कारण ही राजनांदगांव शहर को उच्च स्थान मिला। आप लोग निःस्वार्थ भाव से साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर उसका निष्पादन करते है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत घरों से कचरा संग्रहण करना है और सोर्स में ही कचरा पृथककरण कर लेना हैं, लोगों को कचरा अलग-अलग देने, यूजर चार्ज देने समझाईस देना है, आगामी सर्वेक्षण के लिए अभी से तैयारी कर कार्य करना है, जिस प्रकार सीमित संसाधन में मेहनत कर आप लोगों ने टॉप 20 में स्थान दिलाया है, उसी प्रकार और मेहनत कर टॉप 10 में स्थान दिलाए।

प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा ने बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छता दीदीयॉ एवं सफाई मित्रों की मेहनत रंग लाई और हम जम्प कर 14वें स्थान पर आए, यह स्थान आप लोगों के कारण ही मिला है और आगे भी और अच्छा स्थान प्राप्त हो। हम देश में टॉप 10 में पहुचे तथा प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करें, इसके लिए आप सब अभी से प्रयास करें।

## जिले के 5 धान उपार्जन केंद्रों से धान का सफल निराकरण



70 प्रतिशत धान का किया गया उठाव, शेष धान का समयावधि में किया जाएगा उठाव

राजनांदगांव (दावा)। जिले के धान उपार्जन केन्द्र ग्राम कलकसा, बीजाभाठा, सेवताटोला, सिंघोला एवं पटेवा में 1745072 क्विंटल धान भंडारित था। जिसमें से समस्त धान का निराकरण कस्टम मिलर एवं नीलामी के माध्यम से किया जा चुका है। जिसमें 70 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है। शेष धान का उठाव समयावधि में कर लिया जाएगा। जिले में समस्त मिलर्स के भौतिक स्कन्द का सत्यापन अधिकारियों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। चावल जमा की अंतिम तिथि शासन द्वारा नवंबर माह तक तय की गई है। समयावधि में चावल जमा का कार्य कर लिया जाएगा। लगातार बारिश के कारण धान के उठाव की गति थोड़ी धीमी थी, लेकिन बारिश नहीं होने की स्थिति में धान का तेजी से उठाव किया जाता है। धान संग्रहण केन्द्रों में धान सुरक्षित कैप कवर से ढक कर रखा गया है।

## कांवड़ यात्रा के लिए मोहारा शिवनाथ नदी तट में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था हेतु महापौर ने पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र



राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास में शिव मंदिरों में अभिषेक करने जल लेने शिवनाथ नदी में श्रद्धालुओं द्वारा प्रति सोमवार को अल सुबह से मोहारा शिवनाथ नदी में जल भरने भारी संख्या में पहुंचते है, जिनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को पत्र प्रेषित किया है।

महापौर श्री यादव ने बताया कि धार्मिक मास श्रावण के महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं अभिषेक हेतु प्रति सोमवार श्रद्धालु मोहारा शिवनाथ नदी में स्नान एवं जल भरने जाते है। वर्तमान में बारिश के कारण नदी का जल स्तर बढ गया है, जिससे स्नान एवं जल भरने के दौरान दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर सुरक्षा एवं गोताखोरों की व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा गया है। इसी प्रकार कांवड़ियों का जत्था के रूप में सुबह से ही आना जाना लगा रहता है, श्रद्धालुओं की भीड़ के सुगम आवागमन के लिए भी यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस बल लगाने कहा गया है। महापौर श्री यादव ने बताया कि नगर निगम द्वारा भी मूलभूत सुविधा के लिए ड्यूटी लगाई गयी है। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बिजली पानी सफाई के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नदी के गहरे पानी में न उतरे, छोटे बच्चों का विशेष ध्यान रखे तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क में किनारे चले।






## खबर का असर : शराबी प्रधानपाठक बेरवंशी पर गिरी निलंबन की गाज




कलेक्टर के दखल के बाद शिक्षा विभाग ने किया निलंबन

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के दखल के बाद शराब के नशे में धूत होकर स्कूल आने वाले प्रधान पाठक को जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने निलंबित किया। शराब के नशे में स्कूल आने वाले प्रधानपाठक रेशमलाल बेरवंशी पर आखिरकार शिक्षा विभाग ने कार्रवाई कर दी है। हमारी खबर प्रसारित होने और खैरागढ़ कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल के दखल के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने प्रधानपाठक रेशमलाल बेरवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय छुईखदान निर्धारित किया गया है।

### तीन दिन तक छिपाई गई मेडिकल रिपोर्ट, अधिकारी गुमराह करते रहे

15 जुलाई को खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम देवरी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानपाठक रेशमलाल बेरवंशी शराब के नशे धूत होकर स्कूल पहुंचा था। ग्रामीणों की शिकायत पर बीईओ खैरागढ़ की जांच टीम ने मौके पर शराब सेवन की पुष्टि कर दी थी। जिसके बाद प्रधानपाठक को डायल 112 की मदद से खैरागढ़ थाने लाया गया। तय प्रक्रिया के अनुसार मेडिकल जांच कर आगे की कार्रवाई होनी थी, लेकिन तीन दिन तक मेडिकल रिपोर्ट को छिपाया गया और जिम्मेदार अधिकारी मीडिया को गुमराह करते रहे। इस दौरान कुछ सेटिंगबाज लोग शराबी शिक्षक को बचाने में पूरी तन्मयता से जुटे रहे, वहीं पत्रकार लगातार बीईओ कार्यालय, डीईओ कार्यालय और खैरागढ़ थाने के चक्कर काटते रहे, लेकिन किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं की गई।

### कलेक्टर से मुलाकात के बाद जागा शिक्षा विभाग

मीडिया के सभी साथी अंततः खैरागढ़ कलेक्टर इंद्रजीत चन्द्रवाल से मिले और पूरा मामला उनके संज्ञान में लाया। कलेक्टर के दखल और सख्ती के बाद शिक्षा विभाग नींद से जागा और कार्रवाई करते हुए प्रधानपाठक रेशमलाल बेरवंशी को निलंबित कर दिया। जारी आदेश में निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय छुईखदान निर्धारित किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। इस मामले में कांग्रेस और भाजपा दोनों ने शिक्षा विभाग पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि ने आंदोलन की चेतावनी दी थी, जबकि भाजपा सांसद प्रतिनिधि ने भी इसमें हस्तक्षेप किया तब इस मामले ने तूल पकड़ा। इस कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने कहा कि नशे में स्कूल आने वाले शिक्षक की वजह से बच्चों की पढ़ाई खराब हो रही थी। अब सभी की निगाह इस पर है कि विभागीय जांच में आगे और क्या कार्रवाई होती है।। यह मामला दिखाता है कि मीडिया की सजगता, जनदबाव और कलेक्टर के सक्रिय हस्तक्षेप से ही शिक्षा विभाग जैसे तंत्र हरकत में आते हैं, वरना सब कुछ दबाने की कोशिश होती रहती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com